सुप्रभात
रांची, मंगलवार
20.08.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 16
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 41 | 12



**मोदी 21 अगस्त से पोलेंड और यूक्रेन की यात्रा पर**

## देशभर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार

### रक्षाबंधन

देशभर में रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की को राखी बांधी और उनकी समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कीं। भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनकी बड़ी बहन अंजनी सोरेन, चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने राखी बांधी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने भी राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।



## देवघर स्थित बाबाधाम में भोलेनाथ पर दो लाख से अधिक भक्तों ने चढ़ाया जल

### पांचवीं सोमवारी

श्रावण मास की अंतिम और पांचवीं सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों और मंदिरों में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए भारी उत्साह देखा गया। रांची के पहाड़ी मंदिर में एक लाख से अधिक श्रद्धलुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक लिए 2 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी रही। सोमवार को यहां दो लाख से अधिक शिवभक्तों ने बाबा के दर्शन किये व उनका जलाभिषेक किया। यहां अब स्पर्श पूजा भी शुरू हो गयी।



## न्यूज डायरी

### जेके में आज जारी होगी चुनाव की अधिसूचना

**नयी दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी की जायेगी। पहले चरण में अनंतनाग, शोपिंया, कुलगाम, रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिले के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

### सीआरपीएफ अधिकारी आतंकी हमले में शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक अधिकारी शहीद हो गये। क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया था। उसी दौरान उधमपुर के दादू इलाके में घात लगाये आतंकियों ने संयुक्त पार्टी पर हमला बोल दिया। हमले में गोली लगने से घायल अधिकारी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### पश्चिम बंगाल की लड़की से झारखंड में दुष्कर्म

**रांची।** पश्चिम बंगाल में एक डॉक्टर की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी थमा भी नहीं था कि झारखंड में बंगाल की एक लड़की से दुष्कर्म का मामला आया है। इस लड़की से राजधानी रांची के एक होटल में दुष्कर्म किया गया। उसने यहां से लौटने के बाद कोलकाता में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई। राजधानी के एक होटल में जांच करने के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस सोमवार को पहुंची। यह मामला चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल एवीएन प्लाजा का है, जहां बंगाल के पुरुलिया जिले की पुलिस जांच के लिए पहुंची। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की अपने प्रेमी के साथ इस होटल में आकर रूकी रही थी।

### रसगुल्ला गले में अटका युवक की हो गयी मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र के पाटमहुलिया में एक रसगुल्ले से एक नाबालिग की जान चली गयी। युवक ने बेड पर लेटे-लेटे रसगुल्ला खा लिया। इससे रसगुल्ला गले में अटक गया। उसकी हालत देखकर उसके चाचा ने मुंह में हाथ डालकर आधा रसगुल्ला बाहर निकाला लेकिन आधा रसगुल्ला गले में अटका ही रह गया। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली।** सरकार ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों की व्यक्तिगत मांगों के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। कोलकाता की घटना के बाद केंद्रीय कानून की मांग को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में रेजिडेंट डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प. बंगाल, दिल्ली, हरियाणा सहित छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित किए हैं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




रक्षाबंधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा

# माता-बहनों के अधिकार के लिए करते रहेंगे काम

### उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन पर अपने संदेश में कहा कि राज्य की आधी आबादी को अधिकार और सम्मान देने के लिए वह एक भाई व बेटे की तरह काम कर रहे हैं। पिछले साढ़े चार सालों में उन्होंने महिलाओं को लिए कई योजनाओं पर काम किया। कई योजनाओं को सफलतापूर्वक जमीन पर उतारा। इसका लाभ बहनों व महिलाओं को हो रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर महिलाओं के लिए शुरू हुए छह योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि वे महिलाओं के अधिकार व सम्मान के लिए काम करते रहेंगे। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 48 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपया दिया जा रहा है। अगर एक परिवार में तीन या चार बहनें हैं, तो सभी को अलग-अलग राशि मिलती है। झारखंड देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां 50 वर्ष से अधिक उम्र की विधवा, परित्यक्त या एकल महिला को सरकार प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन देती है। राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार 40 हजार रुपया की सहायता देती है। सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को पूर्व की सरकारों से 12 गुणा अधिक राशि दी। इसके अलावा 35 हजार महिलाओं को फूलो-झानो अभियान से जोड़ कर उन्हें ₹50 हजार तक दिये। अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साईकिल वितरण योजना भी है।

बन्ना गुप्ता ने मंत्री चंपई सोरेन को बताया विभीषण, लगाया आरोप

# जब बुरे वक्त से गुजर रहा था गठबंधन तब भाजपा से नजदीकियां बढ़ा रहे थे चंपई दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्व सीएम और मंत्री चंपाई सोरेन के रवैये पर सवाल उठाते हुए उन्हें विभीषण की संज्ञा दी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जायेगा, चंपई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा। जिस पार्टी और माटी ने उनको सब कुछ दिया, उसको ठुकरा कर अपने आत्मसम्मान को गिरवी रखकर वे सरकार को तोड़ने का कार्य कर रहे थे लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गयीं तो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं जबकि हकीकत है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुँह छुपा रहे हैं।

**बन्ना बोले**
**अनुकंपा के आधार पर मिली कुर्सी को अधिकार समझने लगे थे चंपई दा...**





बन्ना गुप्ता ने लिखा है कि गुरुजी ने एक साधारण व्यक्ति को जमशेदपुर से निकाल कर पहचान दी, उनको मान सम्मान दिया, हर संभव मदद किया। पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया। जब जब जेएमएम की सरकार बनी, उसमें मंत्री बनाया, हर निर्णय का सम्मान किया लेकिन उसके बदले चंपाई दा ने राज्य को मौका परस्ती के दलदल में झोंकना चाहा। हेमंत सोरेन जब जेल गये तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही तो सबने हेमंत जी की बात को माना। उन्होंने लिखा है कि जब हमारे नेता जेल से छूटकर आ रहे थे तो चंपई सोरेन कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे। उस समय कांग्रेस समेत झामुमो के मंत्रिमंडल के साथियों ने भी कैबिनेट में यह बात उठायी थी। हर विभाग में उनका हस्तक्षेप था, हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे, तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ था क्या?

### हेमंत सोरेन सरकार का कार्यकाल रावण राज वाला : भाजपा

भाजपा ने मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बन्ना गुप्ता चंपई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि हेमंत सरकार का कार्यकाल रावण राज वाला है। बन्ना गुप्ता ने अपनी सरकार की सच्चाई उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा भूल गये और कोल्हान के कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर दिया।

> भाजपा में शामिल होने के संबंध में चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपई सोरेन झारखंड अलग राज्य गठन के आंदोलन का हिस्सा भी रह चुके हैं। वे एक मंजे हुए राजनेता हैं और वे अपनी राह खुद तय करेंगे।
>
> **बाबूलाल मरांडी, भाजपा**

बन्ना गुप्ता ने लिखा है कि जब पार्टी और गठबंधन बुरे दौर से गुजर रहा था तो वे भाजपा नेताओं से अपनी सेटिंग बैठा रहे थे। जब हमारे नेता जेल में थे तो केंद्र सरकार की कानून बदलने वाली योजना को हर अखबार के प्रमुख पन्नों में अपनी फोटो के साथ छपवा कर कौन सा गठबंधन धर्म निभा रहे थे? जबकि इंडी गठबंधन देश में इसका विरोध कर रहा था लेकिन चंपई दादा भाजपा नेतृत्व को खुश करने में लगे हुए थे!

पेज 2 भी देखें...

प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले की ऑटोप्सी रिपोर्ट में खुलासा

# पीड़िता के नाखूनों के नीचे मिले खून और स्कीन आरोपी संजय राय के ही

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में अहम खुलासा हुआ है। रविवार को जारी रिपोर्ट में मिले साक्ष्य से साबित हो गया है कि रेप और मर्डर में आरोपी संजय रॉय शामिल था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के नाखूनों के नीचे खून और स्कीन मिले हैं, जो संजय रॉय के ही हैं। डीएनए टेस्ट में इसकी पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि हाथापाई के दौरान संजय रॉय की स्कीन पीड़िता के नाखून में आ गयी। रिपोर्ट के मुताबिक गला दबाने से डॉक्टर की जान गयी थी। ट्रेनी डॉक्टर के शरीर पर संघर्ष और चोट के निशान भी मिले हैं। उसके चेहरे पर भी खरोंच वाले जख्म मिले हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि जब पीड़िता को संजय रॉय ने हवस का शिकार बनाया, तब वह सो रही थी।

### सीबीआई की टीम कोलकाता पुलिस मुख्यालय पहुंची

**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मामले में सीबीआई की जांच तेज हो गयी है। सोमवार को सीबीआई की एक टीम कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार पहुंची। जानकारी के अनुसार घटना से पहले, आरोपित ने जिन सड़कों पर यात्रा की थी, उन सभी जगहों के सीसीटीवी फुटेज पहले ही इकट्ठे किए जा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि घटना की रात आरोपित ने एक रेड-लाइट एरिया का भी दौरा किया था और वहां की सड़कों के सीसीटीवी फुटेज भी सीबीआई एकत्र कर रही है। वहीं सोमवार को सीबीआई की एक टीम पीड़िता के घर भी गयी। इससे पहले गुरुवार को भी सीबीआई के पांच सदस्यों की एक टीम वहां गई थी। उस दिन, जांचकर्ताओं ने मृत डॉक्टर की डायरी और किताबें खंगाली थीं। इधर सोमवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष चौथी बार सीबीआई दफ्तर में पेश हुए। बार-बार उन्हें तलब किए जाने के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।



**गला दबाने से टूटा थायरॉयड कार्टिलेज, हर अंग पर जख्म :** ऑटोप्सी रिपोर्ट में आशंका जतायी गयी है कि आधी नींद में अचानक हमले के बाद ट्रेनी डॉक्टर ने बचाव के लिए चीखने की कोशिश की होगी, मगर आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया होगा। फिर उसने गला भी घोंटा। इस कारण ट्रेनी डॉक्टर की थायरॉयड कार्टिलेज भी टूटी हुई पायी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टर के होठ, पेट, आंख, दाहिना हाथ, उंगली पर खरोंच और चोट के निशान भी मिले हैं। उसके प्राइवेट पार्ट से भी खून बह रहा था। उसका कॉलरबोन भी टूटा हुआ था।

**नंगी आंखों से सीमन का अंतर बताना मुश्किल :** पुलिस सूत्रों का कहना है कि शव की जांच के दौरान कोई भी सीमन में अंतर के बारे में नहीं बता सकता है। इसकी जांच नंगी आंखों से करना मुश्किल है। बता दें कि इस केस की जांच अब सीबीआई कर रही है।

## मादक पदार्थों की रोकथाम पर राज्य सरकार संवेदनशील बने : हाई कोर्ट

- एनसीबी ने कोर्ट को बताया- अफीम की खेती का पता लगाने वाला ऐप- बिजाग और इसका पासवर्ड झारखंड सरकार को दिया जा चुका है।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को मौखिक रूप से कहा कि राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों और अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर राज्य सरकार संवेदनशील बने। इसकी बिक्री पर रोकथाम को लेकर एसओपी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कोर्ट ने पुलिस पर नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि इन गंभीर विषयों पर राज्य सरकार को जल्द जवाब दाखिल करना चाहिए था। अगर राज्य सरकार जवाब दाखिल नहीं करती है तो कोर्ट खुद सख्त आदेश पारित कर सकती है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनसीबी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने झारखंड में अफीम की खेती का पता लगाने के लिए बिजाग- एन नाम का एक ऐप बनाया है, जिसका पासवर्ड राज्य सरकार के साथ शेयर किया जा चुका है। जिसके आधार पर राज्य सरकार खूंटी सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में अफीम की खेती का पता लगाकर उसे नष्ट कर सकती है। कोर्ट ने इस बिंदु पर भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी।

ज्ञात हो कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि पुलिस और एनसीबी आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करें। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों के जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से इसे नष्ट करने में मदद मिलेगी। पुलिस को भी कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के एसओपी बनाए और इस संबंध में जवाब दाखिल करे।

## 10 लाख के इनामी नक्सली का सरेंडर

**गिरिडीह।** झारखंड में नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रति आईपीएस अधिकारियों की मेहनत दिखने लगी है। गिरिडीह जिले में दस लाख रुपये का इनामी हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो ने रविवार की देर रात एनआईए के समीप सरेंडर कर दिया। जिले के एसपी और वरीय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो को आत्मसमर्पण कराने में उसके पुत्र बैजनाथ महतो की मुख्य भूमिका बतायी जा रही है। रामदयाल महतो ने मधुबन थाना इलाके में ही रविवार को रांची के एनआईए की टीम के समक्ष आत्मसमर्पण किया। वह जिले के पीरटांड़ थाना इलाके के पांडेयडीह का गांव का है और इसके खिलाफ कई नक्सली घटनाओं के केस दर्ज हैं। इलाके में बढ़ती नक्सली घटनाओं में शामिल होने के बाद राज्य पुलिस ने राम दयाल पर दस लाख रुपये का इनाम की घोषणा कर रखी थी। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले ही एसपी दीपक कुमार शर्मा इसके घर जा कर परिजनों से मिले और परिजनों को समझाया कि वो रामदयाल महतो को सरेंडर के लिए प्रेरित करें।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 433 पेज का जवाब दाखिल किया, कहा

# तीन तलाक घातक, यह न इस्लामी और न ही कानूनी मुस्लिमों ने इसे रोकने के नहीं उठाये कोई ठोस कदम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** तीन तलाक कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार ने सोमवार को 433 पेज का जवाब दाखिल किया। केंद्र ने हलफनामे में कहा- तीन तलाक जैसी प्रथा शादी जैसी सामाजिक संस्था के लिए घातक है। यह न तो इस्लामी है और न ही कानूनी। तीन तलाक किसी एक महिला के साथ किया गया निजी अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध है। यह महिलाओं के अधिकारों और शादी जैसी सामाजिक संस्था के खिलाफ है। केंद्र ने कहा- शीर्ष कोर्ट से इस प्रथा को असंवैधानिक घोषित किये जाने के बावजूद मुस्लिम समुदाय ने इसे खत्म करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। इसलिए संसद ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकार बचाने के लिए यह कानून बनाया।



**महिलाओं से भेदभाव :** केंद्र ने तीन तलाक कानून के बचाव में कहा- यह ऐसी प्रथा को गैर-जमानती अपराध बनाता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने ही मनमाना कहा था। यह प्रथा शादीशुदा मुस्लिम महिलाओं से भेदभाव करती है।

**जमीयत का दावा- कानून संविधान के खिलाफ :** सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 को तत्काल तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया था। केंद्र सरकार ने 30 जुलाई 2019 को तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया था। इसमें तीन तलाक को अपराध घोषित कर तीन साल की सजा का प्रावधान किया गया। कानून के खिलाफ दो मुस्लिम संगठनों- जमीयत उलेमा-ए-हिंद और समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने याचिका लगायी थी। इसमें कानून को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गयी है। उनका दावा है कि एक धर्म में तलाक के तरीके को अपराध बताया गया है, जबकि अन्य धर्मों में शादी और तलाक सिविल लॉ के अंतर्गत आता है। यह आर्टिकल 15 के खिलाफ है।

**तलाकशुदा महिला गुजारे भते की हकदार :** सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को आदेश दिया कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) के तहत अपने पति से भरण-पोषण की हकदार हैं। इसके लिए वे याचिका दायर कर सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा था कि यह फैसला हर धर्म की महिलाओं पर लागू होगा।

## विधायक लंबोदर के बेटे शशि शेखर ने माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गोमिया विधायक लंबोदर महतो और झारखंड के पर्वतारोही शशि शेखर ने झारखंड और देश का नाम रोशन किया है। लंबोदर महतो ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उनके बड़े बेटे शशि ने 17 अगस्त को यूरोप की सबसे ऊँची चोटी, माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर) पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। रूस के कॉकस पर्वत श्रृंखला में स्थित इस पर्वत पर चढ़ाई कर उन्होंने एक नई उपलब्धि हासिल की है। शशि के अभियान की जानकारी देते हुए लंबोदर महतो ने बताया कि उनके बेटे ने अपना अभियान 13 अगस्त को रांची की एडवेंचर कंपनी लामबडा एडवेंचर के साथ शुरू की। इसकी शुरूआत ट्रेक्सोल से हुई जहां से वो आगे गराबासी (3,800 मीटर) में रुककर अपनी एक्लिमेटाइजेशन पूरी की और फिर मरिया शेल्टर (4,200 मीटर) तक का सफर किया। वहां उन्होंने मौसम साफ होने का इंतजार किया और 17 अगस्त को समीट पुश के लिए निकल पड़े। हालांकि उस दिन भी तेज हवा चल रही थी, इसके बावजूद वे 17 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे समीट पर पहुंच गए। शशि ने इस साहसिक यात्रा के दौरान शारीरिक और मानसिक ताकत को परखा और पर्वतारोहण के प्रति अपने समर्पण को साबित किया।



## गुरूजी और हेमंत नाम पर मिला है जनादेश, चंपई सोरेन मामले में बोले बन्ना गुप्ता

# अनुकंपा पर मिली कुर्सी को अधिकार नहीं समझना चाहिए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बन्ना गुप्ता ने कहा है कि चंपई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा था और ये जनादेश हेमंत बाबू और गुरूजी के नाम पर ही मिला था। परिस्थिति ऐसी बनी कि अनुकम्पा के आधार पर मिली कुर्सी को आप अधिकार समझने लगे। सच तो ये है कि आप सत्ता के लोभी हैं और कुर्सी के भी। बन्ना गुप्ता ने कहा, जब जब झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार बनी तो आपने (चंपई दादा) मंत्री पद मांगा, आपको मिला भी। आपने सांसद का टिकट मांगा आपको मिला। पार्टी में भी बड़ा सम्मान मिला लेकिन आपको सम्मान पचा नहीं।

सच तो ये है कि जिस दिन हेमंत बाबू जेल से बाहर आये थे, आपको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए था और नंगे पैर चलकर हेमंत बाबू को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए था, लेकिन आप तो अंतिम समय में भी ट्रांसफर पोस्टिंग में लगे थे। असल में आपको अनुकम्पा पर मिली कुर्सी अपनी लगने लगी थी और कुर्सी का लगाव और मोह नहीं छूट पा रहा था।

जब हेमंत बाबू ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो एक मुख्यमंत्री बनने के बाद भी आप मंत्री पद मांगने की जिद करने लगे, जबकि यदि आपको कुर्सी का मोह नहीं होता तो कई सीनियर नेता थे, कोल्हान में रामदास सोरेन थे, दशरथ गगराई थे, कई लोग थे जिसे आप अपना मंत्री पद दे सकते थे लेकिन आप तो मंत्री बनने के लिए नाराज तक हो गए थे। लेकिन यदि किसी ने कुबार्नी दी तो वे थे बसंत सोरेन क्यूंकि उनके शरीर में गुरूजी का खून हैं।





आज जब भाजपा में आपकी दाल नहीं गली, बाबूलाल मरांडी आपके जॉइनिंग का विरोध कर रहें हैं तो आप लगे हरि>न्द्र बनने, ऑप्शन चुनने, आपके पास एक ही ऑप्सन था जो आपने गंवा दिया। वो था मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को गद्दी सौंपना और झामुमो को मजबूत करना। लेकिन अफसोस कि रातों रात आपने तो अपने घर और गाँव से झामुमो का झंडा उतार कर गायब करवा दिया। लॉबिन दादा को मनाने की बजाय उकसा कर गलत बयानबाजी करवा दिया, मीडिया मैनेजमेंट के बहाने झामुमो के मजबूत और समर्पित विधायकगणों का नाम उछलवा दिया कि वे आपके साथ हैं?

हद तो तब हो गई जब कोलकाता होते हुए दिल्ली एयरपोर्ट में आप कहने लगे हम जहाँ हैं, वही हैं। मतलब जेएमएम में हैं, सरकार के साथ हैं, लेकिन जब भाजपा नेतृत्व ने आपको ठुकरा दिया तो सोशल मीडिया पर चलवा दिया इमोशनल कार्ड वाला बयान?

सच बोलूं तो ये आपका और झामुमो का मामला है लेकिन ये सरकार का भी मामला है। गठबंधन का मामला भी है। नैतिकता का मामला भी है। झारखंड की जनता से जुडा मामला है, इसलिए मैं आपको कहना चाहता हूँ कि भ्रम में मत रहिये, झारखंड की जनता आपको समझ सकती है। जान चुकी है। आप सन्यास नहीं लेंगे क्यूंकि सत्तालोभी हैं, पार्टी या सरकार का विधायक नहीं तोड़ सकते क्यूंकि सभी मजबूती से गुरूजी और हेमंत बाबू के साथ खडे हैं, और तीसरा ऑप्शन नए साथी की तलाश तो यदि भाजपा आपको साथ लेती भी है तो बहुत उदाहरण हैं जिसने पार्टी या सरकार के साथ गद्दारी की उसका क्या हुआ?

जब विधायक दल की बैठक में गठबंधन के विधायकों का समर्थन ब्लैंक पेपर लेकर आपका नाम लिख दिया गया तब आप को नहीं लगा था कि ये डीकटेटरशिप है, और हाँ एक बात और हेमंत जी के पास बसंत सोरेन जी और कल्पना सोरेन जी का ऑप्शन था, पर आप पर भरोसा जताया था, लेकिन आपने सिर्फ अपने स्वार्थ, सत्ता के भूख और ईगो के कारण झारखंड का सम्मान भाजपा के हाथों गिरवी रखने का कार्य किया है जिसको झारखंड की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

एक बात बता दे रहे, कोल्हान एवं झारखंड की जनता, हर एक विधायक, मंत्री और इंडिया गठबंधन का हर कार्यकर्त्ता गुरूजी शिबू सोरेन जी और हेमंत सोरेन जी, राहुल गांधी जी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे एवं गुलाम अहमद मीर के साथ खड़ा है। कोई कहीं नहीं जाने वाला, आपके साथ तो कभी नहीं जायेगा।

हमलोग झारखंडी हैं, जब रिश्ता बनाते हैं तो दिल से, स्वार्थ से नहीं। आपने सिर्फ पार्टी को नहीं बल्कि झारखंड की माटी को भी धोखा दिया है, झारखंड के शहीदों का अपमान किया है। झारखंड की माटी को बेचने का कार्य किया है। इसलिए आज आप अकेले हैं, कोई ना कभी आपके साथ था ना कभी रहेगा।

## गद्दार नहीं हैं चंपई, पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जायेंगे : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची / जामताड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन गद्दारी नहीं कर सकते हैं। पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। जल्द ही अटकलों पर विराम लगेगा।



### हेमंत सोरेन ने चंपई पर विश्वास किया

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन पर विश्वास किया है और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का काम किया। कहा जब जेल गए तो चंपाई सोरेन पर ही विश्वास किया, चाहते तो बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन या किसी और को भी मुख्यमंत्री बना सकते थे लेकिन बड़ा दिल दिखाया और चंपाई सोरेन पर भरोसा जताया।

**चंपाई सोरेन को हेमंत सोरेन के पैर पर इस्तीफा देना चाहिए था :** मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल से छूटे तो चंपाई सोरेन को अपना इस्तीफा हेमंत सोरेन के पैर पर देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं और पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे।

### सरकार पर कोई खतरा नहीं, टूट की कोई संभावना नहीं

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राजनीतिक गलियारों में लगाई जा रही अटकलों में कोई विश्वनीयता नहीं है, सरकार की सेहत पर कोई खतरा नहीं है। ना ही गठबंधन दल में कोई टूट की संभावना है। उन्होंने कहा कि गठबंधन पूरी मजबूती के साथ खड़ी है और आने वाले 2024 में फिर से बहुमत के साथ झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी।

## वीरता पदक पाने वाले झारखंड के 49 पुलिसकर्मियों को मिली प्रोन्नति

रांची। वीरता पदक पाने वाले झारखंड के 49 पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति मिली है। इसमें राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक से सम्मानित पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान करने की अनुमति दी गयी। इनमें सत्येंद्र प्रसाद को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति प्रदान की गयी है। **इन पुलिस कर्मियों को एसआई से इंस्पेक्टर रैंक में मिली प्रोन्नति:** अजय ठाकुर, पंकज कुमार, सुबोध लकड़ा, आलोक कुमार दुबे, जॉन मुर्मू, अरुण कुमार, सनोज कुमार, प्रकाश कुमार, रजक और हरि प्रसाद सिंह। इन सब इंस्पेक्टरों को मिली प्रोन्नतिः सुबोध लकड़ा, बिहारी मरांडी प्रकाश रजक। इन एएसआई और सिपाही को मिली प्रोन्नतिः- सिपाही ब्रजेश लेप्चा, सिपाही सेम टोपनो, सिपाही राजू सोय, एएसआई अवधेश झा, सिपाही अनुज कुमार, सिपाही जयप्रकाश सिंह, सिपाही सचिंद्र कुमार, चालक मदन प्रसाद, सिपाही रंजीत कुमार, सिपाही बलराम दास, सिपाही प्रमोद यादव, , हवलदार राधे श्याम प्रसाद, सिपाही रितुल कुमार, सिपाही रिंकू कुमार, सिपाही जीवन किस्पोप्ता, एएसआई अभिशेष कुमार, सिपाही मनीष रजवार, सिपाही अनोज कुमार, सिपाही नरेश तिग्गा, सिपाही इंद्रजीत तिवारी, सिपाही श्यामनंद प्रसाद, सिपाही छोटू यादव, सिपाही मिथुन कुमार, सिपाही मनोज कुमार, सिपाही हेमंत कुमार, सिपाही अजीत कुमार, सिपाही संजीव कुमार, हवलदार जुरेंद्र सोय, सिपाही शशिरंजन कुमार, सिपाही राजेश साहू, सिपाही तसादुक अंसारी, सिपाही रोहित रजक, सिपाही हीरालाल ठाकुर और सिपाही अनिरुद्ध ओझा।

# बन्ना ने सरकार को बताया रावण राज : प्रतुल

### भाजपा प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस बताये कि वह कब तक कुंभकर्ण बनी रहेगी यह सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। जाने अंजाने बन्ना गुप्ता ने सच्चाई बताते हुये वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की तुलना रावण राज से कर दी है। उन्होंने कहा कि चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गये और कोल्हान के जमीन से जुड़े कद्दावर



आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी बन्ना गुप्ता अपनी विवादास्पद कार्यों और टिप्पणियों के कारण जाने जाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में रावण राज जैसे हालात है। पिछले पौने 5 वर्षों में 7000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गई। 7000 से ज्यादा हत्यायें हुई। हजारों लूट और अपहरण की घटनाएं हुई। विधि व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का तांडव हो रहा है। शहरी क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह वकील, नेता, पुलिसकर्मी और आम जनों की हत्यायें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस रावण राज के खात्मे के लिये अगर कोई सिस्टम पर प्रश्न खड़ा करता है, जैसा चंपई सोरेन ने किया, तो उनको बन्ना गुप्ता जैसे लोगों के द्वारा टारगेट करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है लेकिन, झारखंड में सिर्फ सत्ता के लोभ में वर्तमान के रावण राज के सारे कुकर्मों को वो नजरंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। लेकिन कांग्रेस सिर्फ मंत्री पद और ब्रीफकेस के लालच में सत्ता में लगातार बने रहने के लिये सरकार को समर्थन जारी रख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिये कि वह कब तक इस रावण राज में कुंभकर्ण बन कर सोई रहेगी।

उन्होंने कहा कि वैसे भी बन्ना गुप्ता तो वैसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने अपनी कलम से खुद को कोरोना वॉरियर के रूप में पुरस्कृत किया था। उन्होंने कहा कि कोल्हान के आदिवासी बेटे का अपमान का फल तो इस पूरे सरकार और सत्ताधारी विधायकों को आगामी विधानसभा चुनाव में चुकाना होगा।

## खबर एक नजर में

### हेमंत मामले में टली सुनवाई, अब 30 को होगी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर 30 अगस्त को सुनवाई होगी। निर्धारित तारीख को एमपी-एलएलए मामले की विशेष अदालत नहीं बैठी थी। इसके कारण सुनवाई टल गई थी। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 30 अगस्त निर्धारित की है। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। बता दें कि हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है। इसमें सुनवाई जारी है। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ भी रांची की निचली अदालत में जनवरी 2024 में शिकायतवाद दर्ज कराई है। ईडी के आठ समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुये थे।

### साक्ष्य के अभाव में आरोपी मां-बेटी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत ने पैसे की लेन देन को लेकर मारपीट एवं गाली गलौज करने के मामले की आरोपी संगीता शर्मा एवं उनकी बेटी अंशुमन शर्मा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों आरोपी चुटिया थाना अंतर्गत कृष्णापुरी रोड नंबर एक निवासी है। पांच साल पुराने मामले में अभियोजन पक्ष को अदालत में सबूत पेश करने का काफी मौका दिया गया। लेकिन, एक भी गवाह न सूचक चंद्रावती देवी और न ही जांच अधिकारी कोर्ट पहुंचे। गवाहों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी भी किया गया था। एसएसपी रांची को भी लिखा गया था। बावजूद कोई गवाह नहीं पहुंचा। बकाया पैसे की मांग पर दोनों ने मिलकर मारपीट की थी। इस घटना को लेकर चुटिया थाना में 17 जुलाई 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन की ओर से आरोपियों पर लगाये गये आरोपों को साबित करने के लिये किसी भी साक्षियों को साक्ष्य के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया। अदालत ने पर्याप्त मौका दिया। बावजूद अभियोजन पूर्णतः विफल रहा।

### नाबालिग संग दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

**रांची।** नाबालिग को डरा-धमका कर कई बार दुष्कर्म करने के मामले के दोषी अभियुक्त तीन बच्चों के पिता सूरज नायक को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अदालत ने 9 अगस्त को दोषी करार दिया था। अभियुक्त नामकुम थाना क्षेत्र के करमटोली गांव निवासी है। उस पर नाबालिग को बहला.फुसला कर पहली बार शारीरिक संबंध बनाने और उसी का भय दिखाकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप था। इसमें नाबालिग गर्भवती हो गई थी। इसकी जानकारी जब उसके परिजन को चली तो मामला प्रकाश में आया। घटना को लेकर नामकुम थाना में 6 जुलाई 2022 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में एपीपी पुष्पा सिन्हा ने ठोस गवाही दर्ज कराई थी। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त दोषी पाकर सजा सुनाई है।

### वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अमर नाथ गुप्ता

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अमर नाथ गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। श्री गुप्ता के मनोनयन पर समाज के नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। आशा व्यक्त की है कि समाज के उत्थान के लिये वे काम करेंगे।

## बिजली वितरण निगम की पहल

# वाट्सएप नंबर 9431135503 पर मिलेगी बिल की अपडेट



### क्या चल रहा है वितरण निगम का प्रोजेक्ट

रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। धनबाद में लगभग 27 हजार प्रीपेड स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। अब नई बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा। वितरण निगम की तरफ से उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन कटने से पहले एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध बैलेंस की जानकारी मिलेगी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने बिजली उपभोक्ताओं को एक अहम सुविधा उपलब्ध कराई है। निगम ने एक व्हाट्सएप नंबर 9431135503 जारी किया है, जिससे बिजली बिल की अद्यतन जानकारी मिलेगी। साथ ही किसी भी तरह की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 के अलावा 18003456570 और 0651-2710002 पर संपर्क किया जा सकता है।

बताते चलें कि वितरण निगम सितंबर से नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इसके तहत स्मार्ट मीटर प्रीपेड हो जाएंगे।

**उपभोक्ताओं से मोबाइल अपडेट करने का आग्रह :** बिजली वितरण निगम ने राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं से अपने मोबाइल को अपडेट करने का आग्रह किया है। अगर किसी तरह की समस्या हो, तो उपभोक्ता अपने नजदीक के बिजली ऑफिस में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए बिजली से जुड़ी समस्याओं की जानकारी मिल सकेगी।

# झारखंड में 21 से 24 तक भारी बारिश, अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे झारखंड में मानसून सक्रिय है। इसके कारण राज्य के तमाम जिलों में 21 से 24 अगस्त को राज्य के सभी जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। इसे ले कर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में 24 तक राज्य में बादल छाये रहने के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं 22 और 23 को दिन में दो से तीन बार मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के कुछ हिस्सों में आने वाले दिनों में अधिक भारी बारिश होने की संभावना है। 20 अगस्त के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बताया गया है कि राज्य के उत्तर पश्चिम भाग पलामू, गढ़वा,



चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान लोगों को सर्तक रहने की जानकारी दी गयी है। वहीं, मध्य, निकटवर्ती उत्तर पूर्वी भागों रांची, बोकारो, खूंटी, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़ के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश की जानकारी दी गयी है।

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश धनबाद में 100 एमएम, सिमडेगा 83, पालगंज 67 एमएम बारिश दर्ज की गयी है. वहीं, खूंटी 41, रामगढ़ 36, रांची 25 एमएम बारिश दर्ज की गयी. अन्य जगहों में छिटपुट बारिश दर्ज की गयी है।

# ऑपरेशन लोटस से फिर झामुमो को लगा झटका

## भाजपा की आक्रामक चाल के आगे बेबस झामुमो

**उदय चौहान**

रांची। झारखंड की राजनीति में ऑपरेशन लोटस का जोर चल पड़ा है। भाजपा ने चंपई सोरेन के सहारे झामुमो को फिर एक झटका दिया है। पूर्व सीएम चम्पई सोरेन की नाराजगी सामने आने पर झामुमो में घमासान मचा है। दूसरी ओर भाजपा इस हलचल पर पैनी नजर बनाये हुये हैं। भाजपा की आक्रामक चाल से एक बार फिर हेमंत सरकार और झामुमो मुश्किल में है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले झामुमो से निकली सोरेन परिवार की पुत्रवधु सीता सोरेन की भरपाई अभी हुई भी नहीं थी कि चंपई सोरेन की नाराजगी जगजाहिर हो गयी। नाराजगी इस कदर कि चंपई सोरेन ने दुखी मन से सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते पार्टी को लेकर काफी कुछ लिख दिया है। ऐसे में उनका अगला कदम क्या होगा और सियासी रूख क्या ये फिलहाल समय के गर्भ में है। हालांकि, संभावना यह जताई जा रही है कि जल्द ही वे भाजपा में शामिल होंगे। चंपई सोरेन की नाराजगी को हवा देने में कहीं ना कहीं भाजपा का भी हाथ रहा है। जाहिर तौर पर चंपई सोरेन के बाहर निकलने से झामुमो को कोल्हान में भारी क्षति होने की संभावना है। चंपई सोरेन की छवि साफ सुथरी रही है। उन्हें कोल्हान का टाइगर कहा जाता है। सूत्रों क ी मानें तो झामुमो के अंदर मचे घमासान पर भाजपा की नजर है। भाजपा ने इस मामले में एक तीर से दो निशाना लगाने का काम किया है। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भाजपा ने पहली चाल ट्रायबल वोटबैंक को साधने के लिये हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण मिल रही सहानुभूति का तोड़ के रुप में चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटने और उनकी नाराजगी जनता तक ले जाने के रुप में लाया है। वहीं, दूसरा निशाना झामुमो को कमजोर करने का है। पहले लोबिन हेम्ब्रम, फिर सीता सोरेन और अब चंपई सोरेन की नाराजगी को हवा देने में भाजपा जरूर सफल रही है। इससे झामुमो को लगातार झटका लगा है। हालांकि, झामुमो ने कहा है कि चंपई सोरेन पार्टी के बड़े नेताओं में से एक हैं। उनकी जो भी नाराजगी है उसे कार्यकारी अध्यक्ष के समक्ष रखकर दूर कर लेते तो अच्छा रहता। विपक्ष तो चाहता ही है कि हम कमजोर हों। उनके झांसे में चंपई सोरेन जैसा व्यक्ति का आना समझ से परे है। भाजपा नेताओं की मानें तो चंपई सोरेन के अलावा झामुमो- कांग्रेस के कई विधायक नेता उसके संपर्क में हैं। बहरहाल, विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही राजनेताओं का दल बदल का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में जिस तरह के हालात देखे जा रहे हैं। उससे साफ लग रहा है कि चुनाव आते-आते राज्य में बड़ा सियासी उलट फेर हो सकता है।

# बहुबाजार- कांटा टोली मार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना में बालक की मौत पर झालसा ने लिया संज्ञान

## डालसा ने टीम गठित कर पीड़ित परिवार को पहुंचायी विधिक सहायता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची ।** अखबार में छपी बहुबाजार कांटाटोली मार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना, जिसमें, एक बेकाबू कार के द्वारा स्कूटी पर सवार मां एवं बेटे को अपने चपेट में ले लिया जिसमें 11 साल के बालक प्रियांशु की मौत हो जाने तथा उनकी माता रोमा कुमारी गंभीर रूप से घायल होने की घटना को झालसा, रांची ने संज्ञान लिया है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल घायल माता तथा उनके परिवार वालों से मिलकर आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को



अविलम्ब एक टीम गठित कर मृतक के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, कमलेश बेहरा, सचिव डालसा, पीएलवी विक्की चौधरी व स्नेहलता दुबे ने मृतक के परिवार से मेडिका अस्पताल में मृतक के पिता एवं परिवार से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया एवं केस के अनुसंधानकर्ता को अभियुक्त के विरूद्ध त्वरित उचित कार्रवाई करने को कहा। ज्ञात हो कि इस घटना को लेकर अभियुक्त के विरूद्ध बी.एन.एस. की धारा 281, 125, 105, 106 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इसके साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा भी इस वाद में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पीड़िता के परिवारवालों को जानकारी दी गयी एवं उनकी विधिक सहायता हेतु एक प्रो-बोनो विद्वान अधिवक्ता, ममता श्रीवास्तव को भी नियुक्त किया गया।

कार्यरत पीएलवी स्नेहलता दुबे को निर्देश दिया गया कि वे पीड़िता के तरफ से मुआवजा आवेदन प्राप्त कर डी.एल.एस.ए. ऑफिस में जमा करें, ताकि इस संबंध में आपदा प्रबंधन एवं एमएसीटी में पीड़िता के आवेदन को प्रेषित कर जल्द-से-जल्द राहत प्रदान की जा सके।

स्पीड न्यूज



## शशि आचार्य एंड टीम ने सैनिकों को बांधी राखी

**जमशेदपुर।** सोमवार सोनारी सर्किट हाउस स्थित आर्मी कैंप में उपस्थित आर्मी भाइयों की कलाइयों में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व बहुत थी उल्लास से मनाया सभी भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतार कर भगवान से उनके स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और बधाई दी। मौके पर झारखंड की महामंत्री शशि आचार्य सुजाता सिंह विद्या सिंह पुष्पा सिंह शर्मिला सिंह पूर्वी दत्त संध्या सिंह रजिया जेब उपस्थित थीं।

## भाई बहन के प्रेम और विश्वास के प्रतीक हैं मुख्तार और डॉ निधि



**जमशेदपुर।** पिछले 27 वर्षों से धर्म और संप्रदाय से परे भाई बहन के स्नेह को राखी के रंग बिरंगे धागों से सींच रहे हैं आजाद नगर शांति समिति के महासचिव मुख्तार आलम खान और विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या डॉ निधि श्रीवास्तव। यह स्नेह का बंधन न सिर्फ पारिवारिक है बल्कि समाज सेवा तथा सामाजिक विकास के साथ भी जुड़ा हुआ है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के शुभ अवसर को दोनो भाई बहन ने मिल कर मनाया।

## पूर्व मुखिया शंकर चंद्र हेंब्रम के श्राद्धकर्म में शामिल हुईं विधायक

फोटो सबिता महतो

**चांडिल।** चौलीवासा पंचायत के पूर्व मुखिया सह झारखंड आंदोलनकारी शंकर चंद्र हेंब्रम के श्राद्धकर्म में रविवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने दिवंगत पूर्व मुखिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान विधायक ने पूर्व मुखिया के परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में ढांडस बंधाया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो, स्नेहा महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 31 को अगस्त इकोज फेस्टिवल संगीत की सजेगी महफिल

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित बेल्डीह क्लब में आगामी 31 अगस्त को लजीज व्यंजनों के साथ ही संगीत की महफिल सजेगी। शहर के संगीत प्रेमी स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ यहां बेहतरीन म्यूजिक का भी लुत्फ उठा सकेंगे। मौका होगा अगस्त इकोज फेस्टिवल का। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3 बजे से रात 10.30 बजे तक होगा। इस फेस्ट में विभिन्न स्टॉल भी लगाये जायेंगे साथ ही सामानों की प्रदर्शनी भी लगेगी। मेला में कुछ स्पेशल सामानों की बिक्री की जायेगी, जहां से लोग खरीदारी कर सकेंगे। मेला में लोग परिवार के साथ मस्ती कर सकेंगे। मेला के साथ ही शाम 6 बजे से 2 प्रसिद्ध म्यूजिक बैंड द ग्रूवर्ज और द सिद्धार्थ डे ट्रायो अपनी संगीत से लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसमें बेल्डीह क्लब, टेल्को क्लब, यूनाइटेड क्लब, गोलमुरी क्लब और ट्यूब मेकर्स क्लब के सभी सदस्यों के लिए इंट्री निशुल्क रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन म्यूजिक फेस्टिवल सह मेले के तौर पर किया जा रहा है। शहर में यह अपनी तरह का अनोखा आयोजन होगा, जहां लोग फूड स्टॉल पर बेहतरीन खाद्य पदार्थों

# दिन में सौ-सौ बार जय श्री श्याम कहता है, खांटू जाने को तैयार रहता है...

- चर्चित भजन गायक कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूमे 20 हजार से अधिक लोग
- हर हर महादेव सेवा संघ की भजन संध्या में डा अशोक भगत समेत 11 विभूतियां सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कार्यक्रम में सम्मानित की गयी विभूतियों संग अतिथि।

**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा सावन की अंतिम सोमवारी की शाम साढ़े सात बजे से गुरुद्वारा मैदान,साकची में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें देश के नामी भजन गायक चंडीगढ़ निवासी कन्हैया मित्तल और जमशेदपुर के भजन गायक कृष्णमूर्ति एंड टीम ने अपने भजनों से शिवभक्तों और श्याम भक्तों को खूब झुमाया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हर हर महादेव के संस्थापक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने किया। उन्होंने कहा कि यह हर हर महादेव सेवा संघ के वार्षिक भजन संध्या का 24 वां साल है। अगले वर्ष 25 वर्ष के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्र म की शुरुआत कृष्णमूर्ति एंड टीम की भजन प्रस्तुति से हुई जो विगत 24 वर्षों से निःशुल्क इस वार्षिक आयोजन में अपनी प्रस्तुति देते आ रहे हैं। इसके बाद रात्रि 09 बजे से कन्हैया मित्तल ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरु की जो देर रात तक चला। मित्तल ने गणेश बंदना से अपनी प्रस्तुति शुरु की। उसके बाद वे खांटू वाले श्याम बाबा के भजनों से भक्तों को भिगोंने लगे। उन्होंने गाया-दिन में सौ-सौ बार जय श्री श्याम कहता है, खांटू जाने को हमेशा तैयार रहता है...। इसके बाद सुनाया-माला तेरे नाम की....घर भर दी संसार की... वो खांटू वाले श्याम जी कमाल हो गया, तेरा बंदा बाबा मालामाल हो गया...।

**इन विभूतियों को किया गया सम्मानित :** आदिवासियों के कल्याण में अपना जीवन खपा देने वाले पद्मश्री डा अशोक भगत, डा आसिफ अहमद, केदारनाथ जासूका, 170 बार रक्तदान कर चुके एसके झा, एमटीएमएच के आंकोलोजिस्ट डा तामोजित चौधरी,शिक्षाविद् डा डीपी शुक्ला, साईकिलिंग कोच सतवीर सिंह सहोता, हिन्दी और भोजपुरी के चर्चित एवं बयोवृद्ध साहित्यकार अरविंद विद्रोही,64 बार रक्तदान कर चुकी श्रीमती रजनी उपाध्याय, रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह, मैनेजमेंट गुरु चंद्रेश्वर खां,कैंसर मरीजों की निःशुल्क सेवा करने वाले सरदार त्रिलोक सिंह।

कार्यक्रम में सांसद विद्युतबरण महतो, धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक सरयू राय समेत बड़ी संख्या में आम और खास लोग उपस्थित थे।





भजनों की प्रस्तुति देते कन्हैया मित्तल (ऊपर) और भजन प्रस्तुत करते कृष्णमूर्ति (नीचे)।

# अरबों के जीएसटी घोटाले के मुख्य सरगना शिव देवड़ा की जमानत रद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरबों रुपए की जीएसटी चोरी करने बाले अंतरराज्यीय गिरोह का मुख्य सरगना शिव कुमार देओरा की जमानत 19 अगस्त 2024 को जमशेदपुर के आर्थिक अपराध न्यायालय ने रद्द कर दिया।

ज्ञात हो कि जमशेदपुर स्थित सेंट्रल जीएसटी खुफिया महानिदेशालय ने विगत वर्ष पैन इंडिया संचालित एक गिरोह का पदार्फास किया था। यह गिरोह गरीब एवं अनपढ़ लोगो को नौकरी देने का झांसा देकर उसका आधार कार्ड एवं पैन कार्ड लेकर उसके नाम से फर्जी कंपनी खोलता था एवं उस कंपनी के द्वारा फर्जी जी. एस. टी इनपुट का बंदरबाट करके अरबों का चुना भारत सरकार के राजस्व को लगा रहा था।

जी. एस. टी. अधिकारी जब इस गिरोह का विस्तृत जांच करने लगे तब यह पाया गया की यह गिरोह पैन इंडिया मे फर्जी कंपनी का संचालन कर रहा है। एवं इसका मुख्य सरगना कोलकाता निवासी शिव कुमार देओरा, अमित गुप्ता, एवं सुमित गुप्ता है। साथ ही यह भी पता चला की जमशेदपपुर मे इस गिरोह का संचालन विक्की भालोटिया उर्फ अमित अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है।

फलस्वरूप सेंट्रल जी. एस. टी. खुफिया महानिदेशालय जमशेदपुर द्वारा रोशन कुमार मिश्रा, सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें दिनेश कुमार, राजीव रंजन, बिराज कुमार पांडे इंटेलिजेंस ऑफिसर शामिल थे। एवं इसका निगरानी सहायक निदेशक राजेश रोशन टोप्पो द्वारा किया जा रहा था।

### सुमित गुप्ता के जमानत के समय झारखंड उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

यहां तक कि देश का एक सामान्य व्यक्ति भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण और विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार के सीजीएसटी और एसजीएसटी का भुगतान कर रहा है, लेकिन याचिकाकर्ता जैसे व्यक्ति जो सफेदपोश अपराधी हैं, राष्ट्र और राज्य के विकास में बाधा डालते हैं और बाधा डालते हैं। निजी लाभ पर गिद्ध दृष्टि रखकर सुनियोजित तरीके से फर्जी कैलकुलेशन और बेईमान डिजाइन में जालसाजी करने वाली फर्जी और फर्जी फर्म, जिससे सार्वजनिक धन की भारी हानि हो रही है, देश और राज्य की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, ऐसे सफेदपोश अपराधियो को आंखें खोलने वाला संदेश देने के लिए अलग दृष्टिकोण से निपटा जाना चाहिए। इसी क्रम मे सेंट्रल जी. एस. टी. खुफिया महानिदेशालय जमशेपुर द्वारा शिव कुमार देओरा एवं अमित गुप्ता जिसको न्यायालय द्वारा जमानत मिल चुका था का विरोध जमशेदपुर आर्थिक अपराध न्यायालय मे किया गया था परिणाम स्वरूप आज दिनांक 19 अगस्त 2024 को जमशेदपुर के आर्थिक अपराध न्यायालय द्वारा शिव कुमार देओरा का जमानत रद्द कर दिया गया है। जी. एस. टी. खुफिया महानिदेशालय जमशेपुर के अधिकारी की नजर अब इस गिरोह के काले कारनामो के असली लाभार्थी पर है एवं भविस्य मे उनपर कड़ी कार्यवाही की जाने की संभावना है। वर्तमान मे इस गिरोह का जांच श्री रोशन कुमार मिश्रा, सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर के नेतृत्व मे श्री दिनेश कुमार, श्री राजीव रंजन एवं श्री बिराज कुमार पांडे इंटेलिजेंस ऑफिसर द्वारा किया जा रहा है।

## भाई-बहन के असीम प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया/जमशेदपुर।** कांड्रा, गम्हरिया समेत सम्पूर्ण क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और फिर उनकी कलाई पर राखी बांधी। साथ ही, मिठाई खिला कर बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए थे। बच्चों में भी इस दौरान काफी उत्साह देखा गया। नये-नये कपड़ों में बच्चों की कलाई तरह-तरह की राखियों से सजी रही।



## जमशेदपुर पहुंच ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने बहनों से बंधवायी राखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

>> कहा, नारी शक्ति से सम्मान और सुरक्षा से ही देश बनेगा विकसित

**जमशेदपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का पावन त्यौहार रक्षाबंधन सोमवार को शहर में पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। रक्षाबंधन पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवास पर अपनी बड़ी बहन प्रेमवती, बेदु बाई एवं महारीन बाई समेत जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवायी। इस दौरान बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और मुंह मीठा कर उत्तम स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं, रघुवर ने बहनों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मौके पर बड़ी संख्या में उनके आवास पर साकची, गोलमुरी, भालूबासा एवं मानगो क्षेत्र की सैकड़ों बहनों ने पूर्व सीएम रघुवर की कलाई पर राखी बांधी। राज्यपाल ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया और उनकी रक्षा का संकल्प लिया।



बड़ी बहन प्रेमवती से राखी बंधवाते रघुवर दास।

## विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विस क्षेत्र की बहनों से बंधवायी राखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** सोमवार को रक्षाबंधन पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बिड़रा की दीदी तिलोत्तमा कालिंदी, पटमदा पाइचाडीह की किरण देवी, परसुडीह भाटा बस्ती की शांति लोहार, हलुदबनी पंसस स्वप्ना बेरा, गोविंदपुर की मीना देवी, गोविंदपुर की ममता गोप के आवास जाकर राखी बंधवायी और रक्षाबंधन की खुशियों को साझा किया। उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही उन बहनों की रक्षा का संकल्प भी दोहराया। बहनों ने विधायक की कलाई पर राखी बांधी और तिलक चंदन लगाकर मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना संजोए रक्षाबंधन का यह पर्व हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की पहचान है।



## चंपई सोरेन की सीएम हेमंत पर की गयी टिप्पणी स्वागत योग्य : जटाशंकर पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व मुख्य मंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन के व्यवहार के विषय में जो टिप्पणी की है वो स्वागत योग्य है। श्री चम्पाई सोरेन जी को पहले सोचना चाहिए था कि वे जिस पार्टी में है वहां केवल एक परिवार का चलता है वह परिवार वादी पार्टी में है। वहां एक परिवार का भी नहीं एक व्यक्ति का चलता है। जो परिवार अपनी बड़ी बहू की इज्जत नहीं करता वो उनकी इज्जत कैसे कर सकता है।



## कोशिश के सातवें रक्तदान शिविर में 832 यूनिट रक्त संग्रह

- शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, मेजर हिमांशु साहू, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की समाजसेवी संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' के तत्वावधान में रविवार को एकदिवसीय स्वैक्षिक रक्तदान शिविर सम्पन्न हुई। सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की पुण्यस्मृति में आयोजित सातवें महारक्तदान शिविर में हजारों रक्तदाताओं के साथ शहर के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

सुबह 8 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में उत्साह से लबरेज पुरुष एवं माहिला रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर की समाप्ति पर रिकॉर्ड 832 यूनिट रक्त संग्रह किये गए। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्था ने सभी रक्तवीरों को उपहार व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। शिविर की सफलता को लेकर ब्लड बैंक की ओर से सोन मंडप में शनिवार देर रात को ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी थी।

शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय, मेजर हिमांशु साहू, पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, संपादक संजय मिश्रा, संपादक ब्रजभूषण सिंह, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, इंटक नेता राकेश्वर पांडेय, आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह, व्यवसायी कौशल सिंह, दिग्विजय सिंह, पूर्व कमिश्नर विजय सिंह, शिक्षाविद दिवाकर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्ठू, चैंबर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भी थे।



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने पहुंचे सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में कोशिश के संरक्षक शिवशंकर सिंह व अन्य।

## एक नजर में

### माई किड्स प्ले स्कूल में मना राखी का त्योहार



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में राखी का त्योहार माई किड्स प्ले स्कूल में मनाया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों ने अपने शिक्षकों की मदद से विभिन्न प्रकार की राखी बनायी। लड़कियों ने राखी के अवसर पर अपनी कक्षा के लड़कों को राखी बांधी और सभी ने एक दूसरे को उपहार दिये। सभी ने त्योहार का आनंद लिया। बच्चों ने अपने पसंदीदा गीतों पर नृत्य किया। बच्चों ने कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया। ज्ञात रहे कि माई किड्स प्ले स्कूल बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ योग, संगीत एवं स्वच्छता से रहने का तरिका भी सीखाया जाता है जिससे न केवल बच्चों में मानसिक विकास बल्कि शारिरिक विकास भी होता है। हमारे यहां सभी शिक्षिकाएं बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए हमेशा तत्परता से उन्हें मदद हेतु तैयार रहती हैं। स्कूल में उपस्थित सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से बच्चों के अभिभावक काफी खुश हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

### बारीडीह बस्ती में महिलाओं ने किया जलाभिषेक



**जमशेदपुर।** बारीडीह बस्ती में सावन की आखिरी सोमवारी पर शिव भक्ति का अनोखा दृश्य देखने को मिला। कॉलोनी की महिलाओं ने स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर हरी मैदान के पास स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इस आयोजन में 18-20 महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने न केवल जल चढ़ाया, बल्कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा भी संपन्न की। कॉलोनी की महिलाओं ने इस खास मौके पर बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को पूजा करना बहुत ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है। महिलाओं का कहना था कि शिव जी को जल अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना शुभ माना जाता है, और इससे मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस उत्सव में शामिल हुईं नीलम, रीना, बेबी, किरण, रेखा, संध्या, उषा रानी, आरती, शकुंतला, सीमा, शोभा, दीपा, उर्मिला, स्वेता, ममता और दीपा समेत अन्य गणमान्य महिलाओं ने भी इस शिव पूजा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सांसद ने किया गोलमुरी मंडल कार्यालय का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत गोलमुरी मंडल के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन सोमवार को सांसद विद्युत वरण महतो ने किया। गोलमुरी बाजार स्थित एक्सिस बैंक के बगल में बने भाजपा गोलमुरी मंडल के नये कार्यालय के उद्घाटन पर जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय समेत मंडल क्षेत्र के कई वरीय नेतागण मौजूद रहे। मंडल कार्यालय के उद्घाटन होने के साथ ही कार्यालय में आमजनों व कार्यकर्ताओं की चहल-पहल देखी गयी। मौके पर सांसद ने नये कार्यालय के लिए गोलमुरी मंडल क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के पश्चात विद्युत महतो ने कार्यकर्ताओं के संग राजनीतिक एवं सामाजिक चर्चा की। उन्होंने विश्वास जताया कि मंडल कार्यालय के माध्यम से कार्यकर्ताओं को क्षेत्र के लोगों से संपर्क और संवाद स्थापित करने में सुविधा होगी। वहीं, पार्टी के कार्यक्रमों पर रणनीति बनाकर उसके बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

### बैंकों ने बाजारों में लगाया कैंप, कटे-फटे नोट बदले



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में गंदे और कटे-फटे नोटों के लिए विनिमय सेवाएं देने के उद्देश्य से, चार बैंकों क्रमशः भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) और आइसीआईसीआई बैंक ने बिष्टुपुर और साकची जैसे प्रमुख बाजारों में करेंसी एक्सचेंज मेलों का आयोजन किया। मेलों में आरबीआई, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आरबीआई की महाप्रबंधक विनिता टोपनो और अमित कुमार, उप महाप्रबंधक, आरबीआई भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में संजीव नाथ, उप महाप्रबंधक भी थे। इवेंट के दौरान सुजीत अरविंद ने आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति को बढ़ावा देने में ऐसी पहलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जनता को पुरानी या गंदी नोटों को नये नोटों से बदलने के लिए इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे अर्थव्यवस्था में स्वच्छ मुद्रा का प्रसार हो सके। उन्होंने बताया कि कटे-फटे या गंदे नोटों को सभी बैंक शाखाओं में बदला जा सकता है, और जो जले हुए और दीमक से खराब हो चुके नोट जो आगे के संचालन के योग्य नहीं हैं, उन्हें केवल आरबीआई कार्यालयों के इश्यू विभाग में बदला जा सकता है।

खबर मन्त्र

रांची. मंगलवार . 20 अगस्त 2024

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## हड़ताल पर डॉक्टर

एक महिला डॉक्टर से दुर्ष्कम और हत्या के विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन के बाद आक्रोशित डॉक्टरों ने हड़ताल का आह्वान किया था। जो हमारी स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के भीतर व्याप्त गंभीर संकट को ही उजागर कर गई। निस्संदेह, डॉक्टरों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है, उनकी न्याय की मांग भी उचित है, लेकिन गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों खासकर गरीब मरीजों पर इस हड़ताल का असर बेहद चिंताजनक है। पहले ही देश में स्वास्थ्य व्यवस्था अपर्याप्त सुविधाओं और अत्यधिक बोझ से ग्रस्त है। ऐसे में कमजोर वर्ग के मरीजों को इस विरोध का खमियाजा भुगतने को मजबूर करना न तो उचित ही है और न ही मानवीय है। इसमें दो राय नहीं कि चिकित्सा वर्ग की सुरक्षा व संरक्षा की मांग तार्किक है, जिसे नजरअंदाज नहीं ही किया जाना चाहिए। रात-दिन मुश्किल हालात में अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले डॉक्टरों को जिन संकटों से गुजरना पड़ता है, उसको लेकर चिंता होना वाजिब ही है। उचित होता यदि रोगियों की देखभाल की अनदेखी किये बिना संतुलित तरीके से समस्या का समाधान निकाला जाता। काले बैज पहनकर क्रमिक हड़ताल करना इसका एक प्रभावी विकल्प हो सकता था। कहने का अभिप्राय है कि डॉक्टरों को अपनी चिंताओं को भी अभिव्यक्त करना चाहिए लेकिन आवश्यक चिकित्सा सेवाएं भी बाधित नहीं होनी चाहिए। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पहले भी हड़तालों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रूप से चलाया जाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया था। साथ ही चिकित्सकों के रोगियों के प्रति कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी निभाने पर भी बल दिया गया था। सरकार को इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## विकसित भारत की बात

अब 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बन जाने का फिर से भरोसा जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब 40 करोड़ लोगों ने देश को आजाद करा दिया तो 140 करोड़ लोग बहुत कुछ कर सकते हैं। ऐसी अनेक अच्छी-अच्छी बातें उन्होंने अपने रिकॉर्ड-तोड़ 98 मिनट के उद्बोधन में की। बहुत से विषय वे ही थे जो वे टुकड़ों में अलग-अलग मंचों से कहते आये हैं। पीएम ने भारत की अपार क्षमता, विकास, नये संकल्प, सरकार की प्रतिबद्धता तथा रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म का फामूर्ला किंचित अलग शब्दों में प्रस्तुतीकरण किया। लोकसभा-2024 के चुनाव में पूरा बहुमत न पाने के कारण दो दलों के समर्थन पर चल रही सरकार के मुखिया होने के नाते उन्हें जिस कमजोरी का एहसास है, उसका प्रतिबिम्ब उनके भाषण में साफ झलक रहा था। 2014 से लेकर 2023 तक के दो कालावधियों में इसी मंच का उपयोग वे जिस कड़ी शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए विपक्ष तथा सरकार के विचारों से इत्तेफाक न रखने वालों के लिये करते रहे हैं, वह तेवर भी ज्यादा नजर नहीं आया। विकास को अपनी 'प्रतिबद्धता' बताया, न कि कोई 'राजनीतिक मजबूरी'। उनका कहना था कि वे जो भी कर रहे हैं वह राजनीतिक गुणा-भाग करते हुए नहीं वरन 'नेशन फर्स्ट' की थ्योरी काम करते हुए कर रहे हैं। रिफॉर्म्स (सुधारों) पर तो उनका दावा था कि इस पर घंटों चर्चा हो सकती है लेकिन अगर देशवासी इसका अंदाजा लगाना चाहें तो केवल बैंकिंग सेक्टर देख सकते हैं जिसमें बड़े सुधार हुए हैं। वैसे अब मोदी की लोकप्रियता को हम घटी सीटों से नापे तो एक बड़ा वर्ग अब भाषणों पर भरोसा नहीं करता है। विकास चंद रेलगाड़ियों से ज्यादा रोजगार और महंगाई की मार से प्रभावित होता है। आखिर देश में गिग ईकोनॉमी पर बहस क्यों नहीं करते मोदी।

## वैदिक देवता

विचार-प्रवाह

सुभाष काक

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वस्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है।

वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया।

इससे पता चलता है कि तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं।

कार्टून वर्ल्ड

पुतिन की गति...



लेटर टू एडिटर

### कड़ी सजा मिले

**हाल** ही में कोलकाता में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर घटने वाली घटनाएं बताती हैं कि राज्य के हालात ठीक नहीं हैं? राज्य की मुख्यमंत्री का इस मामले में बड़े बवाल के बाद कार्रवाई का मन बनाने को आखिर क्या समझा जाए?

– रविशंकर, गढ़वा

### मीडिया को चेतावनी


**प्रधान** न्यायाधीश ने यह भी कहा कि गलत जानकारी और एजेंडा से चलने वाली डिबेट लोकतंत्र के लिए खतरनाक साबित होती हैं। उन्होंने कहा मीडिया के फैलाए जा रहे पक्षपातपूर्ण विचार लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और सिस्टम को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी जिम्मेदारी से भागकर आप हमारे लोकतंत्र को दो कदम पीछे ले जा रहे हैं।


– अविनाश सिंह, रांची

## सेकुलर सिविल कोड : हमारा संविधान हमारा सम्मान

**मैं** पिछले 24 वर्षों से लॉ स्टूडेंट्स को भारतीय संविधान पढ़ाते समय जब आर्टिकल 44 पढ़ाता हूँ तो समान नागरिक संहिता को सेक्युलर सिविल कोड की संज्ञा देता आया हूँ, जब लाल किले की प्राचीर से सुप्रीम कोर्ट के माननीय चीफ जस्टिस एवं अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने भी समान नागरिक संहिता को सेकुलर सिविल कोड कहा है क्योंकि भारत केवल और केवल तभी एक सेकुलर राष्ट्र माना जाएगा, जब यहां पर एक यूनिफॉर्म सिविल कोड होगा।

वस्तुतः इस यूनिफॉर्म कोड के बारे में बात करते समय कुछ तकनीकी बिंदुओं को स्पष्ट कर लेना जरूरी होगा। सबसे पहली बात तो यह कि संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 44 में यह साफ लिखा गया है कि राज्यसत्ता भारत के नागरिकों पर एक समान नागरिक संहिता लागू करेगी। जब भारतीय जनता पार्टी समान नागरिक संहिता की बात करती है तो इसे विपक्षी दलों द्वारा एक सांप्रदायिक एजेंडा करार दिया जाता है। अव्वल तो यह हिंदू सिविल कोड नहीं, बल्कि कॉमन सिविल कोड है, और दूसरे निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार इसका एक संवैधानिक आधार है। इस बात को सबको स्मरण में रखना चाहिए।





- डॉ विश्वास

इसके लिए भारत सरकार ने वर्तमान में हमारा संविधान हमारा सम्मान के नाम से अभियान चलाया है। खुद को उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष कहने वाली जो फिरकापरस्त ताकतें जो वर्तमान विपक्ष में हैं, वे समान नागरिक संहिता का विरोध करती हैं, वे वास्तव में मुस्लिम पर्सनल लॉ की रक्षा करना चाहती हैं, किंतु वैसा वे अनुच्छेद 25 की आड़ में करती हैं, इस खेल को समझना बहुत जरूरी है।

दूसरे, जहां समान नागरिक संहिता का एक संवैधानिक आधार है, वहीं धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का कोई संवैधानिक आधार नहीं है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी पंथनिरपेक्ष शब्द बाद में जोड़ा गया है। अब जब प्रस्तावना में दिनांक सहित लिखा हो कि .....अपनी इस संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवंबर, 1949 ई. को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ......तो बाद में इस प्रस्तावना में कुछ भी जोड़ना कुटकरण का अपराध होता है। क्योंकि जो कुछ भी संविधान सभा ने तय किया वो 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित हो चुका है, समाजवादी और पंथ निरपेक्ष 1976 में जोड़े गए ..इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में निर्णय सुरक्षित रखा गया है।

अतः स्पष्ट है कि वास्तव में सेकुलरिज्म भारतीय संविधान का हिस्सा मूल रूप से नहीं था। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान 1976 में आनन-फानन में विवादास्पद 42वां संविधान संशोधन करते हुए इसे संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा था। किंतु धर्म और राज्य के सम्बंधों के स्वरूप की सुस्पष्ट व्याख्या संविधान में कहीं भी नहीं की गई है। तो फिर दुविधा कहां पर है? दुविधा के मूल में है संविधान का अनुच्छेद 25, जो कहता है कि भारत के नागरिकों को अपने धर्म के अनुपालन और प्रचार की स्वतंत्रता है। अलबत्ता उसमें यह भी कहा गया है कि यह स्वतंत्रता निर्बाध नहीं है, यह सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था के अनुरूप होनी चाहिए। फिर इसी अनुच्छेद के दूसरे क्लॉज में यह भी साफ शब्दों में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद का कोई भी प्रावधान राज्यसत्ता द्वारा कानून-निर्माण की प्रक्रिया में बाधा नहीं बनना चाहिए।

दूसरे शब्दों में, अगर सत्तारूढ़ दल समान नागरिक संहिता सम्बंधी संवैधानिक प्रावधानों की सुस्पष्ट और सतर्क व्याख्या कर सके तो वह अपने पक्ष में व्यापक जनमत का निर्माण कर सकता है। इसके लिए भारत सरकार ने वर्तमान में हमारा संविधान हमारा सम्मान के नाम से अभियान चलाया है। खुद को उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष कहने वाली जो फिरकापरस्त ताकतें जो वर्तमान विपक्ष में हैं, वे समान नागरिक संहिता का विरोध करती हैं, वे वास्तव में मुस्लिम पर्सनल लॉ की रक्षा करना चाहती हैं, किंतु वैसा वे अनुच्छेद 25 की आड़ में करती हैं, इस खेल को समझना बहुत जरूरी है। इन फिरकापरस्त ताकतों को और कुछ नहीं तो कम से कम संविधान सभा की बहसें ही पढ़ लेना चाहिए। जब संविधान सभा में अनुच्छेद 25 पर बहस चल रही थी तो 6 दिसम्बर 1948 को ओडिशा के नेता श्री लोकनाथ मिश्रा ने तीन बहुत पते की बातें कही थीं।

उन्होंने कहा था-

1) दुनिया के किसी भी देश के संविधान में धर्म के प्रचार को मूलभूत अधिकार का दर्जा नहीं दिया गया है, तो फिर हमारे यहां वैसा क्यों किया जा रहा है?

2) आयरलैंड के संविधान में बहुसंख्यक समुदाय की धार्मिक आस्था को राजधर्म जैसी विशेष अवस्था प्रदान की गई है, फिर हमें भारत में वैसा करने में लज्जा क्यों आ रही है?

3) सोवियत रूस में धर्म के अनुपालन की आजादी दी गई है तो धर्म-विरोधी प्रचार को भी उतनी ही आजादी दी गई है। यह इस्लामिक देशों के ईशनिंदा कानून के सर्वथा विपरीत है, जहां ईश्वर की सत्ता पर किसी तरह का प्रश्न पूछे जाने को कुफ्र कहते हुए उसे एक अपराध माना जाता है। हमारे संविधान में धर्म-विरोधी प्रचार का कोई अधिकार क्यों नहीं दिया गया है?

हमें यह याद रखना चाहिए कि जिन परिस्थितियों में भारत का संविधान रचा जा रहा था, वह अत्यंत कठिन समय था और सांप्रदायिक विभाजन से भारत देश की आत्मा कराह रही थी। वैसे में पहले ही दब्बू किस्म के भारतीय नेतागण इस्लामिक पर्सनल लॉ के मामले में और जोखिम लेने से थर-थर कांप रहे थे। लेकिन संविधान सभा के चेयरमैन डॉ. भीमराव आम्बेडकर स्वयं समान नागरिक संहिता के प्रबल पक्षधर थे, इस बात को हमारे उदारवादी बंधुओं को स्मरण रखना चाहिए। जब संविधान सभा में एक मुस्लिम के सदस्य द्वारा कहा गया कि भारत जैसे बड़े देश में समान नागरिक संहिता सम्भव नहीं है तो आम्बेडकर ने गरजते हुए जवाब दिया- जब समान अपराध संहिता हो सकती है तो समान नागरिक संहिता क्यों नहीं हो सकती? इसके बाद आम्बेडकर ने जो प्रहार किया, वो तो और करारा था। जब मुस्लिम सदस्य ने कहा कि हमारे पर्सनल लॉ में बदलाव करना किसी के लिए सम्भव नहीं है तो आम्बेडकर ने उन्हें याद दिलाया कि 1935 तक नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस में शरीयत कानून लागू नहीं थे। साथ ही, बॉम्बे, सेंट्रल प्रोविंसेस और यूनाइटेड प्रोविंसेस में तो उत्तराधिकार के कानून हिंदू विधि के अनुरूप संचालित हो रहे थे।केरल में रह रहे मुस्लिम तो मातृसत्तात्मक मरुमक्कथयम कानून का पालन करते आ रहे थे।

**संथालपरगना** में 1951 के बाद जनगणना के अनुसार 2011 तक आदिवासी समाज की संख्या 45 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत तथा पूरे देश में इस दौरान हिंदुओं की संख्या 4 प्रतिशत घटी लेकिन संथालपरगना में यह लगभग 23 प्रतिशत घटी।

– निशिकांत दूबे, सांसद

आपके ट्वीट

**आमदनी** कम और महंगाई से निकलता दम - ये है भारत के गिग वर्कस की व्यथा! सुनील उपाध्याय जी के साथ एक यूबर यात्रा के दौरान चर्चा फिर उनके परिवार से मिल कर देश के गिग वर्कस समस्याओं का जायजा लिया। 'हैंड टू माउथ इनकम' में इनका गुजारा –राहुल गांधी





**राज्य** की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखण्ड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। – हेमंत सोरेन, सीएम

खास बात

## एकता जरूरी

नागेन्द्र सिंह

**निस्संदेह**, अतीत गवाह है कि जब-जब हमारी राष्ट्रीय एकता कमजोर हुई विदेशी शक्तियां हमारी संप्रभुता को चुनौती देने लगीं। ऐसे में इस पर्व को राजनीतिक-वैचारिक मतभेदों को भुलाकर उल्लासपूर्वक मनाना ही शुभकर है। भले ही हम किसी भी राजनीतिक सोच से जुड़े हों लेकिन राष्ट्रीय हितों के मुद्दे पर हमारा सुर एक ही होना चाहिए। निस्संदेह, यह तिरंगा अभियान हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। हमें बताता है कि हम कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक ही हैं। जम्मू-कश्मीर के स्वरूप में आये बदलाव के बाद वहां तिरंगा यात्राएं इस बात का हमें गहरे तक अहसास कराती हैं कि राष्ट्रीयता के क्या मायने हैं। केसर की घाटी में तिरंगे की मोहक व स्वतंत्र उपस्थिति देशभक्ति के सरोकारों से भर देती है। किसी भी देश की भौगोलिक सीमाएं व संसाधन ही देशभक्ति का पर्याय नहीं होते। जब तक देशभक्ति का जज्बा उसके नागरिकों की रगों में नहीं दौड़ता कोई राष्ट्र पूर्णता हासिल नहीं कर सकता। इस पूर्णता में हमारे राष्ट्रीय प्रतीक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। तिरंगा भी इन्हीं राष्ट्रीय अहसासों की सरस अभिव्यक्ति ही है। आजादी के पर्व को महज छुट्टी के रूप में देखने वाले लोगों को इस बात का गहरा अहसास होना चाहिए कि आजादी को हासिल करने के लिये वर्ष 1857 से 1947 के बीच हुए स्वतंत्रता संग्राम में देशवासियों ने कितनी बड़ी कीमत चुकायी।

परतंत्र भारत में जीने वाले भारतीयों को इस बात का गहरा अहसास था कि आजादी की कीमत क्या होती है। बीते साढ़े सात दशक की हमारी उपलब्धि बताती है कि इन सालों में हमने आज जो हासिल किया उसे हम गुलामी के सैकड़ों सालों में भी हासिल नहीं कर पाये। इस आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा पुनीत कर्तव्य है। इसी आजादी का प्रतीक है तिरंगा।

आसमान में शान से लहराता तिरंगा हमें बताता है कि हम एक स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिनिधि देश के नागरिक हैं। इस तिरंगे की शान हमें बनायी रखनी है।हमारी राष्ट्रीयता कमजोर हुई तो देश विरोधी शक्तियां सक्रिय होंगी।

## कुछ खास दिनों तक सिमट कर न रहे देश प्रेम

फिरदौस खान

आजादी दिवस

**यह** खुशनुमा अहसास है कि हमारा देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी यानी जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। जन्म स्थान या अपने देश को मातृभूमि कहा जाता है। भारत और नेपाल में भूमि को मां के रूप में माना जाता है। यूरोपीय देशों में मातृभूमि को पितृ भूमि कहते हैं। दुनिया के कई देशों में मातृ भूमि को गृह भूमि भी कहा जाता है। इंसान ही नहीं, पशु-पक्षियों और पशुओं को भी अपनी जगह से प्यार होता है, फिर इंसान की तो बात ही क्या है। हम खुशनसीब हैं कि आज हम आजाद देश में रह रहे हैं। देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत कुर्बानियां दी हैं। उस वक़्त देश प्रेम के गीतों ने लोगों में जोश भरने का काम किया। बच्चों से लेकर नौजवानों, महिलाओं और बुजुर्गों तक की जुबान पर देश प्रेम के जज्बे से सराबोर गीत किसी मंत्र की तरह रहते थे। क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल की नज्म ने तो अवाम में फि रंगियों की बंदूकों और तोपों का सामने करने की हिम्मत पैदा कर दी थी।

देश प्रेम के गीतों का ज़िक्र मोहम्मद अल्लामा इकबाल के बिना अधूरा है। उनके गीत सारे जहां से अच्छा के बगैर हमारा कोई भी राष्ट्रीय पर्व पूरा नहीं होता। हर मौके पर यह गीत गाया और बजाया जाता है। देश प्रेम के जज्बे से सराबोर यह गीत दिलों में जोश भर देता है। हिन्दी फिल्मों में भी देश प्रेम के गीतों ने लोगों में राष्ट्र प्रेम की गंगा प्रवाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी से पहले इन गीतों ने हिन्दुस्तानियों में गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मुल्क को आजाद कराने का जज्बा पैदा किया और आजादी के बाद देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार करने में अहम किरदार अदा किया है। फि ल्मों का ज़िक्र किया जाए तो देश प्रेम के गीत रचने में कवि प्रदीप आगे रहे। उन्होंने 1962 की भारत-चीन जंग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ह्यऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानीह्न गीत लिखा। लता मंगेशकर द्वारा गाये इस गीत का तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मौजूदगी में 26 जनवरी, 1963 को दिल्ली के रामलीला मैदान में सीधा प्रसारण किया गया था। गीत सुनकर जवाहरलाल नेहरू की आंखें भर आई थीं। साल 1943 बनी फिल्म कि स्मत के गीत दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है ने उन्हें अमर कर दिया। इस गीत से गुस्साई तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उनकी गिरफ़्तारी के आदेश दिए थे, जिसकी वजह से प्रदीप को भूमिगत होना पड़ा था। उनके लिखे फिल्म जागृति (1954) के गीत आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की ओर दे दी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल आज भी लोग गुनगुना उठते हैं।

शकील बदायूंनी का लिखा फि ल्म सन ऑफ इंडिया का गीत नन्हा मुन्ना राही हूं देश का सिपाही हूं बच्चों में बेहद लोकप्रिय है। कैफी आजमी के लिखे और मोहम्मद रफी के गाये फि ल्म हक ीकत के गीत ह्यकर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों को सुनकर आंखें नम हो जाती हैं और शहीदों के लिए दिल श्रद्धा से भर जाता है। फिल्म लीडर का शकील बदायूंनी का लिखा और मोहम्मद रफी का गाया और नौशाद के संगीत से सजा गीत अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं, सर कटा सकते हैं, लेकिन सर झुका सकते नहीं बेहद लोकप्रिय हुआ। प्रेम धवन द्वारा रचित फि ल्म हम हिन्दुस्तानी का गीत छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नये दौर में लिखेंगे, मिलकर नई कहानी।

## पाकिस्तान की मांग के लिये मुस्लिम लीग का डायरेक्ट एक्शन का दिन

- रमेश शर्मा

इतिहास

**पन्द्रह** अगस्त 1947 को भारतीय स्वतंत्रता और यह वर्तमान स्वरूप सरलता से नहीं मिला। यह दिन मानों रक्त के सागर से तैरकर आया है। बलिदानियों ने जितना बलिदान विदेशी आक्रांताओं से मुक्ति के लिये दिया, उतना ही बलिदान अपने स्वत्व को सुरक्षित रखने के लिये दिया है। और स्वतंत्रता के साथ हुए भारत विभाजन में तो भीषण नरसंहार हुआ ही था लेकिन इससे पहले भारत विभाजन की माँग को बल देने के लिये भी हत्यारों ने लाशों के ढेर लगा दिये थे। यह नरसंहार 16 अगस्त 1946 से शुरू हुआ और मात्र पाँच दिन में बंगाल और पंजाब में लाशों के इतने ढेर लग गये थे कि उन्हे उठाने वाले भी नहीं बचे थे। लोग हत्यारों के भय से भागकर जंगलों और अन्य प्रांतों में भाग गये थे। लाशों की सड़ाँध से बीमारियाँ और मौतें हुईं सो अलग। इन पर लगाम 21 अगस्त के बाद लग सकी।

अपने लिये पृथक देश पाकिस्तान की माँग को सशक्त बनाने केलिये मुस्लिम लीग ने इस डायरेक्टर एक्शन का आव्हान अचानक नहीं किया था। इसकी तैयारी सालों से की थी। एक अलग मुस्लिम राष्ट्र का वातावरण बनना 1887-88 के आसपास से आरंभ हो गया था। इसकी झलक सर सैय्यद अहमद के भाषणों से मिलती है। इसे आकार देने के लिये 1906 में मुस्लिम लीग अस्तित्व में आई और 1930-31 में पाकिस्तान नाम भी सामने आ गया था। उसी प्रकार इस डायरेक्ट एक्शन की तैयारी भी वर्षों से की जा रही थी। 1931 में मुस्लिम लीग ने बाकायदा सशस्त्र सैनिकों की भर्ती आरंभ कर दी थी। इसे मुस्लिम लीग आर्म गार्ड नाम दिया गया था। 1944 तक अलग-अलग नगरों में इनकी संख्या 22 हजार तक पहुँच गई थी। फरीदपुर में इसका प्रशिक्षण केन्द्र था। इसके एक प्रशिक्षण शिविर में बंगाल के मुख्यमंत्री सोहरावर्दी भी उपस्थित थे उन्होंने इस इन आर्म गार्ड को पाकिस्तान के लिए उपलब्धिॅ बताया था। 1946 में ऐसे ही एक प्रशिक्षण शिविर में अब्दुल मोबेन खान ने संख्या बढ़ा कर एक लाख करने की आवश्यकता बताई थी। बंगाल में इनकी गतिविधि का केन्द्र कलकत्ता था। इसीलिए बंगाल का विवरण भारत में है। किंतु पंजाब और सिंध में इसका केन्द्र रावलपिंडी, लाहौर और मुल्तान में था। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है इसलिये वहाँ का कोई विवरण अब भारत में नहीं मिलता।

भारत विभाजन के लिये अंग्रेज और मुस्लिम लीग एक राय थे पर काँग्रेस में कुछ असमंजस थी इसलिए निर्णय की घोषणा में विलंब हो रहा था। काँग्रेस के हर नेता ने पहले विभाजन का विरोध किया था। काँग्रेस पर दबाव बनाने के लिये मुस्लिम लीग ने डायरेक्ट एक्शन के नाम पर यह नरसंहार किया था। डायरेक्ट एक्शन की घोषणा करने के पहले लीग ने खुली चेतावनी दी थी। जुलाई 1946 में मोहम्मद अली जिन्ना ने बॉम्बे में अपने घर पर आयोजित आयोजित पत्रकार वार्ता में घोषणा की थी कि- मुस्लिम लीग संघर्ष शुरू करने की तैयारी कर रही है और एक योजना भी तैयार कर ली है। उन्होंने स्पष्ट कहा था- यदि मुसलमानों को अलग पाकिस्तान नहीं दिया गया तो वे सीधी कार्रवाई शुरू करेंगे। और अगले दिन जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस होने की घोषणा कर दी। जिन्ना ने कांग्रेस को चेतावनी दी- हम युद्ध नहीं चाहते हैं, यदि आप युद्ध चाहते हैं तो हम आपके प्रस्ताव को बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करते हैं। हमारे पास या तो एक विभाजित भारत होगा या एक नष्ट भारत होगा।ॅ जिन्ना की इस शब्दावली में भविष्य की पूरी तस्वीर का संकेत है। इसके साथ मुस्लिम लीग के सभी वरिष्ठ नेता संभावित पाकिस्तान के पूरे क्षेत्र में सक्रिय हो गये। बंगाल में इस अभियान की कमान मुख्यमंत्री सोहरावर्दी के हाथ में थी।मुस्लिम लीग की इस चेतावनी के साथ ही बंगाल और पंजाब के मुस्लिम आबादी बाहुल्य इलाकों से हिन्दुओं का पलायन आरंभ हो गया था। हिन्दुओं में इस भय का कारण बंगाल और पंजाब में निरंतर बढ़ती साम्प्रदायिक घटनाएँ थीं।

जिनमें 1930 के बाद तेजी आई। जिसमें पुलिस तटस्थ रहती। पुलिस के तटस्थ रहने का कारण यह था कि जहां मुस्लिम लीग समर्थक सरकारें थीं वहां पाकिस्तान समर्थक नौजवानों को योजनानुसार पुलिस में भर्ती किया गया था। और अन्य प्रांतों में सशस्त्र बालेन्टियर तैयार किये थे।

स्पीड न्यूज

## वन विभाग के कर्मचारियों ने धरना स्थल पर ही मनाया रक्षा बंधन

**चतरा।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर जिले भर के वनरक्षी और वनपाल सोमवार को भी धरने पर बैठे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि जब तक वन प्रशासन और सरकार उनकी उचित मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक वे आंदोलनरत रहेंगे क्योंकि यह उनके आत्मसम्मान का प्रश्न है। धरने पर बैठे वनरक्षियों और वनपालों की कलाइयाँ सूनी न रह जाएँ, इसलिए चेतना भारती से आई महिलाओं ने उन्हें राखी बाँधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि पूरे राज्य के वनरक्षी अपने नियमावली में हुए अलाभकारी संशोधन के विरोध में अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर विगत चार दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

## बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीघार्यु की कामना की

**चतरा।** चतरा सहित पूरे जिले में सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीघार्यु की कामना की। रक्षा बंधन को लेकर शहर में काफी चहल-पहल देखी गई और लोग विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करते नजर आए। पर्व को लेकर मिठाई, फल, राखी की दुकानों से लेकर बाजार में सुबह से शाम तक भारी भीड़ रही।वाहनों के इंतजार में बहनों को घण्टों परेशान होना पड़ा। भद्रा नक्षत्र होने के कारण दोपहर डेढ़ बजे के बाद बहनों ने इंतजार कर में राखी बांधी। भाई-बहनों के बीच प्यार का माहौल देखने को मिला और रक्षाबंधन का त्योहार पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया।

## जहर खाने से महिला की मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट गली में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका की पहचान 30 वर्षीय सुलेखा देवी पिता अजीत कुमार राय के रूप में की गयी है। वहीं बताया जाता है कि घरेलू विवाद को लेकर महिला ने जहर खा लिया, तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसके बाद घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को मिली एवं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हर हर महादेव के नारों से गुंजते रहे शिवालय



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बोल बम का नारा है भोला एक सहारा है, हर हर महादेव का नारों से सोमवार को प्रखंड के मंदिर गुंजायमान होता रहा। बताते चलें कि श्रावण माह की आखरी व पांचवीं सोमवारी पर मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न गांव के शिवालयों में देवाधिदेव भगवान महादेव के भक्तों ने शिव का जलाभिषेक कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करमा धाम, मां चन्चालनी धाम स्थित शिवालय में हजारों भक्तों ने भक्ति भाव से जलाभिषेक किया। वहीं प्रखंड मुख्यायलय के लाल नगर, कोटवार मोहल्ला, थाना परिसर, प्रखंड मुख्यालय परिसर, भगवती डीह, ब्रह्मटोली, श्रीनगर, कुम्हर टोली, समेत प्रखंड के ग्राम जामु, दशारो, पपलो, नावाडीह, बरवाडीह, दरदाही, बरियारडीह, देवीपुर, डोंगोडीह समेत कई गांव के हजारों भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को दूध, बेलपत्र, चंदन, रोली, धतूरा भांग, प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

## 24 घंटे के हरि कीर्तन को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के ताराटांड कुशमई गांव के संयुक्त शिव मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का हरि कीर्तन को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम का विधिवत उद्घघाटन मुखिया बीना देवी व उपमुखिया सकुंतला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने पीले व गेरुआ वस्त्र धारण कर कलश को अपने सिर पर रख पैदल गाजे-बाजे के साथ पसियाडीह नदी पहुंचे, जहां अपने कलश में पवित्र जल भर कर पुनः शिव मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ पर जल अर्पित किए। मौके पर किशोर यादव, रुपन महतो, तुलसी पासवान, मनोज यादव, अर्जुन मोदी, बीरेंद्र यादव, रिंकू यादव, दशरथ यादव, कृष्णा मोदी, रोहित मोदी, मिथलेश पासवान, सिंटू पासवान, गेंदो पासवान, चुरामन यादव, बासुदेव यादव, महेंद्र यादव, किसुन यादव, उपेंद्र यादव, राजेश पासवान, अजय यादव, राजू यादव, संदीप यादव, सचिन यादव, दिनेश पासवान, राहुल मोदी, सोनू मोदी, पिंटू मोदी, संतोष यादव, मोहित मोदी समेत कई महिला व पुरुष शामिल थे।

एक नजर में

## कुंदा प्रखंड में यादव होटल का शुभारंभ




खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड के मेन चौक से कुछ ही दूरी पर बाजार रोड स्थित सत्येंद्र पासवान के मकान में यादव होटल का शुभारंभ हुआ। होटल का उद्घाटन कुन्दा मुखिया मनोज कुमार साहू, सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, नवादा मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी और शाखा प्रबंधक आंजेण्य कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि होटल के शुभारंभ से आम लोगों के साथ-साथ प्रखंड और पंचायत कर्मियों को उत्तम भोजन की सुविधा मिलेगी। होटल संचालक राजेश कुमार ने बताया कि यादव होटल में आम लोगों के बजट के अनुसार व्यंजन मिलेंगे, जिसमें वेज पनीर, पनीर अंगारा, वेज खजाना, पालक पनीर और नॉनवेज में चिकन तंदूरी, चिकन हांडी, मटन हांडी पंजाबी, फीश फ्राय, चाउमीन, मेनचुरियन, चिली और नाश्ता, खाना आदि व्यंजन ग्राहकों को परोसे जाएंगे। इस अवसर पर मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, समाजसेवी विनोद साव, रविशंकर वर्मा, संतोष कुमार यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# युवाओं ने भरी हुंकार, उखाड़ फेंकेंगे हेमंत सरकार

## युवा आक्रोश रैली की तैयारी को ले की गयी बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक के आवासीय कार्यालय में सोमवार को आगामी 23 अगस्त को रांची में निर्धारित युवा आक्रोश रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी, कोडरमा नगर एवं भाजयुमो कोडरमा की संयुक्त बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय एवं संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। बैठक में प्रभारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भारत माता की जयघोष के साथ हुई। बैठक में सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय को पुनः मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उन्हें फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत युवा आक्रोश रैली पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजयुमो द्वारा राज्य के धोखेबाज, निकम्मी और भ्रष्ट हेमंत सरकार के विरोध में 23 अगस्त 2024 को रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में विभिन्न मंडलों से हजारों की संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ 25 अगस्त दिन रविवार को सभी बूथों पर मन की बात श्रवण कार्यक्रम आयोजित कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को सुनने का निर्णय लिया गया। बैठक में देवेंद्र कुमार चंद्रवंशी, सीताराम भगत, सूरज सिंह, राजू विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह, मुकेश यादव, नवीन सिंह, पंकज सिंह, गांगो कुमार, विशाल सिन्हा, रवि पांडेय, सहर्ष राज, रफीक अंसारी, मो. साबिर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देवेंद्र को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर चंद्रवंशी समाज में खुशी की लहर



**कोडरमा।** छात्र जीवन से अब तक भाजपा विंग के साथ निष्ठा पूर्वक कार्य करने वाले चंद्रवंशी देवेंद्र कुमार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर चंद्रवंशी समाज में खुशी का लहर है। वहीं चंद्रवंशी समाज की ओर से चंद्रवंशी देवेंद्र कुमार को बहुत बहुत बधाई के साथ भाजपा को जिन्होंने चंद्रवंशी समाज के युवा कर्मठ जुझारू नेता देवेंद्र को प्रदेश प्रवक्ता बनाया, जिसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया गया। वही चंद्रवंशी देवेंद्र को चंद्रवंशी समाज के जिला उपाध्यक्ष सह चंद्रवंशी विकास मंच सचिव महेश भारती, मंच के संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत जी, महेंद्र राम आदि आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित गांव के लोगों ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने पर चर्चा की और सफल संचालन के लिए एक संचालन समिति का गठन किया।सर्वसम्मति से राजेश कुशवाहा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, मुखिया निर्मला देवी, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान, भाजपा नेता सतेंद्र कुमार दांगी, कांशी महतो, राजेश कुशवाहा, कविंद्र दांगी, देवनारायण दांगी, निरंजन दांगी, तीरथ राम दांगी, राजू लाल वर्मा, शिक्षक अनिल कुमार, यदुनंदन पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा डोर बांधकर की लंबी उम्र की कामना

## बहनों ने लिया सुरक्षा का वचन

**जयनगर (कोडरमा)।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ जयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। सोमवार को अहले सुबह बहनें भाइयों के पास पहुंच कर राखी बांधी और आरती उतार कर मिठाई खिलाई। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मिठाइयों की दुकान गुलजार रहीं। अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में भी जलार्पण के लिए भीड़ देखी गई। वहीं खरीयोडीह बाबा धाम मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने सावन की पूर्णिमा पर जलाभिषेक किया और आशीर्वाद मांगा।











खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्रावण मास की पूर्णिमा पर सोमवार को जिले में धूमधाम से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांध सुरक्षा का वचन लिया। कच्चे धागों के अटूट बंधन में भाई-बहन विश्वास, समर्पण व स्नेह की डोर बंध गए। शहर में सुबह से ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांाना प्रारंभ कर दिया, हलांकि ज्योतिष पंचांग के अनुसार इस वर्ष सोमवार दोपहर 1 बजकर 31 मिनट तक भद्रा रही, जिसका निवास पाताल में है। धर्मशास्त्र के अनुसार दोपहर 1 बजकर 31 मिनट के बाद बहनें, भाई के हाथ पर राखी बांधी। वहीं सुबह होते ही रंग-बिरंगे परिधानों में नन्हें-मुन्ने बच्चों की खुशियां देखते बन रही थी। बहन ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मंगल कामनाएं की, उनको तिलक लगाए और आरती उतारी। कलाई पर राखी बांधकर भाई के लंबी उम्र की कामना की तथा मिठाई खिलाया। भाइयों ने भी इस मौके पर बहनों को उपहार दिए तथा सुरक्षा का वचन दिया। वहीं रविवार को दिन भर बाजारों में रौनक रही। मिठाई, दूध की दुकानों पर भीड़ लगी रही। जगह-जगह खोवा, छेना तथा बेसन के लड्डू सहित अन्य प्रकार की मिठाइयां दुकानों में सजाई गयी थी।

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने अनोखे तरीके से मनाया

## बाल मित्र ग्रामों में रक्षा बंधन को सुरक्षा व सम्मान का बंधन के रूप में मनाया गया



**कोडरमा।** जिला अंतर्गत विभिन्न बाल मित्र ग्रामों में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा रक्षा बन्धन के त्योहार को इस बार अनोखे तरीके से मनाया। वहीं बाल पंचायत के बच्चों ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, प्रमुख समेत विभिन्न सरकारी अधिकारीयों, पुलिस के जवानो, पंचायत प्रतिनिधियों को राखी बांधकर इस बार राखी के त्यौहार को रक्षा बंधन सुरक्षा एवं सम्मान का बंधन के रुप में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया और बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ होने वाली हर प्रकार की हिंसा को समाप्त कर बच्चों व महिलाओं के लिए सुरक्षित, सभ्य एवं बाल मित्र सामाजिक वातावरण बनाने की अपील किया। इस दौरान बाल मित्र ग्राम बेहराडीह, रतनपुर, ढोढाकोला, पारहो, बेंदी सहित सैकड़ों बाल मित्र ग्रामों में संगोष्ठी सभा का आयोजन कर बच्चों व महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सभ्य समाज के निर्माण पर परिचर्चा किया गया एवं कार्यक्रम में शामिल लोगों की कलाइयों पर राखी बांधी गयी।

# पेट्रोल पंप के पास धूं-धूं कर जल गया बोलेरो



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कलीडीह पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की शाम बोलेरो में अचानक आग लगने से बोलेरो धुं-धुं कर जल गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त बोलेरो का टंकी लीकेज के कारण आग लग गयी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नही हुआ है।

वहीं स्थानीय लोगों व पेट्रोल पंप कर्मी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ले रही थी। उक्त बोलेरो ग्राम राजाबर निवासी का बताया जा रहा है।

## बरहमपुर मोड़ के पास कांवरियों का जत्था दुर्घटनाग्रस्त




खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** चतरा इटखोरी रोड स्थित बरहमपुर मोड़ के पास सुबह करीब 8:00 बजे एक कांवरियों का जत्था भद्रकाली से पूजा अर्चना करने के बाद लौटते समय अचानक डीजे साउंड पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन चालक और कांवरिए बाल-बाल बच गए। सभी कांवरिए चतरा क्षेत्र के चेंगेर गांव के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर को फटकार लगाते हुए उसे सुरक्षित तरीके से गाड़ी चलाने की हिदायत दी।

## भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर भद्रकाली मंदिर में पूजा और जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों भक्तों ने काँवर लेकर माँ भद्रकाली मंदिर स्थित 1008 शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले माता के मंदिर में पूजा-अर्चना की। सोमवारी के मौके पर भक्तों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता का पूजन-अर्चन किया और शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। शहस्त्र शिवलिंग पर एक बार जलाभिषेक करने से 1008 शिवलिंग महादेव पर जलाभिषेक होता है।

## धूम-धाम से मना रक्षा बंधन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाई-बहन के अमर प्रेम के प्रतीक का पर्व रक्षा बंधन सोमवार को शांति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बहनों और भाइयों में खासा उत्साह देखा गया।

बहनों ने अपने-अपने भाइयों के कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर भाइयों के लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया।

## स्पीड न्यूज

### सड़क सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन जांच अभियान



चैनपुर। चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र सोमवार को सघन रूप से अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी नाकाबंदी शुरू कर दी है। पुलिस अधिक्षक श्री शंभु सिंह के आदेशानुसार चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के द्वारा संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।पुलिस प्रशासन ने शनिवार को चैनपुर मुख्यालय के थाना मोड़, ब्लॉक चौक, बस स्टैंड सहित विभिन्न चौकझ चौराहा के समीप सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जिसमें आने जाने वाले सभी छोटे बड़े गाड़ी की गहनता से तलाशी ली गई।वहीं बड़े गाड़ियों के डिक्की की जांच की जा रही थी वहीं दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों का जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने बताया की वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलता रहेगा। सभी वाहन चालक जब अपने घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें नशापान कर गाड़ी नं चलाएं। मौके पर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई मदन शर्मा सहित चैनपुर थाना के जवान मौजूद थे।

### जागृति हॉस्पिटल परिसर से बाइक चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एससीडीपीओ व थाना प्रभारी ।

गुमला। सिसई पुलिस थाना क्षेत्र के बाजारटैंड स्थित जागृति अस्पताल परिसर से चोरी हुए मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त में 20 वर्षीय जाहिद अंसारी, 20 वर्षीय जमील अंसारी वह 22 वर्षीय गौतम कुमार रवि शामिल है। सोमवार को सीडीपीओ सुरेश कुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि बाइक चोरी की घटना के बाद कांड दर्ज कर पुलिस अनुसंधान आरंभ की। सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी अनुसंधान के बाद कांड के प्राथमिक अभी जाहिद अंसारी की गिरफ्तारी की गई। जिसके बाद कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वही कांड के मास्टरमाइंड 26 वर्षीय सरफराज अंसारी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार पुलिस अभियान चला रही है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी संदीप यादव, पुअनि प्रमोद कुमार, पुअनि अजय कुमार, हवलदार निमन उरांव व और अच्छी नरेंद्र सरदार शामिल थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर पतरा के समीप अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक सवार घाघरा के तेंदार गांव निवासी बृजेश उरांव पिता महावीर उरांव उम्र लगभग 55, सोनू उरांव पिता बृजेश उरांव उम्र 24 वर्ष को धक्का मारा दिया। जिससे दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों पिता पुत्र डुमरी अपने परिचित से मिलने गए थे। अपने परिवार से मिलकर आते वक्त उनको एक पिकअप वाहन ने धक्का मार कर भाग गया। जिसमें पिता और उसके बेटे को काफी चोट लगी है। जिन्हें ग्रामीणों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चैनपुर थाना को सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एएसआई दिनेश कुमार, एसआई मदन शर्मा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सारे चीज से अवगत हुए। इधर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उनको प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया।

### 23 अगस्त को युवा मोर्चा करेगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव



चैनपुर। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के घेराव के मद्देनजर जिला के सभी मंडलों में बैठक का आयोजन किया गया। चैनपुर मंडल में दुर्गा मन्दिर परिसर में भाजपा प्रखंड मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में युवाओं के अधिकार, रोजगार तथा झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए 23 अगस्त को भाजपा के कार्यकर्ता युवा आक्रोश रैली में सीएम हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। सभी को अधिक से अधिक संख्या में युवा आक्रोश रैली में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। साथ हीं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर बुधराम नायक को सम्मानित भी किया गया। मंडल की बैठक में अरुण सिंह, रुकमणी देवी, मधु साहु, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## बसिया रोड सिसई के कुंबाटोली से गंगुटोली व सकरौली तक जाने वाली सड़क जर्जर, वाहन से चलना होगा जानलेवा साबित

>> सड़क निर्माण की दिशा में जनप्रतिनिधियों की भूमिका रही है उदासीन



खबर मंत्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई प्रखंड के बसिया रोड कुंबाटोली से गंगुटोली होते हुए सकरौली तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। कच्ची सड़क होने के कारण जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं और गड्ढों में जल जमाव जानलेवा साबित हो रहा है। आजादी के इंतने लंबे अंतराल के बाद भी इस सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुई। क्षेत्र के लोग अपना जनप्रतिनिधि भी बदले लेकिन जनप्रतिनिधि भी क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे। उनका ध्यान सड़क की ओर नहीं गया। कुंबाटोली से सकरौली तक जाने वाली सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है। उन गांवों के विकास की पहिया की धुरी है उक्त सड़क। सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात तो यह है कि बरसात होने पर इस सड़क पर चलना जानलेवा साबित हो सकता है। इस सड़क पर मोटरसाइकिल चलना तो दूर की बात साईकिल तक चलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगो को सिसई आने के लिए तीन चार किलोमीटर पैदल कुम्बा टोली मोड़ बसिया रोड आना पड़ता है। तब जाकर लोग किसी वाहन से सिसई पहुंच पाते हैं। अगर कोई गम्भीर रूप से बीमार पड़ जाय तो मरीज को वक्त से सिसई मुख्यालय रेफरल अस्पताल पहुंचाना भी काल बन जाता है। सड़क की दुदार्शा देख लगता है कि गांव जिस मुहाने पर खड़ा था आज भी उसी हाल में है। सिसई विधान सभा मे ना जाने आज तक कितने विधायक जीते लेकिन किसी ने भी इस सड़क को बनवाने का जहमत नहीं उठाया। ग्रामीण बताते हैं कि बरसात के दिनो मे अगर किसी को वाहन लेकर गांव आना पडता है तो उसको भी गांव तक पहुंचने के लिए एक बार सोचना पड़ता है। वहीं ग्रामीणो ने जल्द से जल्द सड़क बनवाने का मांग विधायक व प्रशासन से किया है।

## लोहरदगा : सीआरपीएफ 158 बटालियन मुख्यालय में रक्षाबंधन का हुआ आयोजन

ब्रह्माकुमारी संस्था और वनवासी कल्याण केन्द्र संगठन के सदस्यों ने जवानों को बांधी राखी



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सीआरपीएफ 158 बटालियन मुख्यालय में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले ब्रह्माकुमारी संस्था और वनवासी कल्याण केन्द्र संगठन के सदस्यों ने सीआरपीएफ के कमांडेंट और जवानों को राखी बांध रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार मनाया गया। देश सेवा में लगे जवानों को त्योहारों में छूटी नहीं मिल पाती है इसलिए संस्था के बहनों द्वारा राखी बांधकर रक्षाबंधन का शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान सैकड़ो जवानों के कलाई पर राखी बांधी गई। रक्षा बंधन को लेकर जवानों में भी उत्साह और खुशी देखी गई। कलाई पर राखी बंधाकर सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कई त्योहारों में जवानों को छूटी नहीं मिल पाती है बहनों ने यहां आकर राखी बांधी जिससे जवानों को खुशी मिली इसके लिए संस्था की बहनों का धन्यवाद करते हैं जवान देश सेवा में लगे हुए हैं और इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें और ऊर्जा मिलती हैं। वही राखी बांधने वाली महिलाओं ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा हम जवानों को राखी बांधकर पूरे देश को एक सूत्र में बंधना चाहते हैं ताकि देश और सुरक्षित हो और पूरे भारतवासी में एकता आए देश हमारा और आगे बढ़े।

## देवाकी बाबाधाम सहित कई शिवालयों में अंतिम सोमवारी व रक्षाबंधन पर उमड़ी भीड़



खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवकी बाबा धाम सहित गांव के कई शिवालयों में सोमवार को सुबह 9 बजे भक्तों की भीड़ भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को लेकर उमड़ी। इस क्रम में घाघरा लोहरदगा गुमला सिमडेगा सहित कई अन्य जिलों से भक्त भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचे। बोल बम हर हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजमान हो उठा। वही पूजन पाठ और मिठाइयों की दुकानें सजी। बहनों ने विशेष पूजा अर्चना रक्षाबंधन को लेकर किया और अपने भाई के दीघार्यु होने का आशीष मांगा। इस क्रम में मंदिर पूजा समिति द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुझे दिखे साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित लोगों में दिलीप साहू, किशोर जयसवाल,अमित नाग,मुरली मनोहर सिंह,संजय वर्मा, प्रेम साहू, नीरज सिंह, अजीत कुमार, अनंत साहू, अमित सिंह सहित पूजा समिति के कई सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सावन माह के अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

# हर-हर महादेव के नारों से गुंजते रहे शिवालय

टांगीनाथ धाम व देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़





खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** सावन माह के अंतिम सोमवारी पर जिले के शिवालयों में आस्था की जन सैलाब उमड़ी। सभी शिवालय हर-हर महादेव के नारों से गुंजता रहा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भक्तों ने भगवान को भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोग टांगीनाथ धाम स्थित नदी में स्नान कर वहां से जल उठाकर मंदिर पहुंचते हैं। जहां भक्ति-भाव व आस्था के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगते हैं। वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। जलाभिषेक कर भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से करते हैं। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी थी। इन मंदिरों में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की देखी गई। वहीं करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में कतार बद्ध तरीके से बारी-बारी से भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक किया। इसके अलावे जिले के कामडारा प्रखंड स्थित शिव मंदिर, बसिया के शिवमंदिर, विशुनपुर के शिवमंदिर, भरनो प्रखंड के शिवमंदिर, जारी प्रखंड के शिवमंदिर व चैनपुर प्रखंड के शिव मंदिर में अंतिम सोमवारी के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पालकोट प्रखंड के ऋषि मुख पर्वत व सिसई प्रखंड के नगर स्थित प्राचीन शिवमंदिर में भी अंतिम पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही।

## छात्रा ताशा झा को मिला गोल्ड प्रमाण पत्र

**गुमला।** एकलव्य शूंटिंग क्लब रांची में आयोजित सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा एकादश की छात्रा ताशा झा को 14वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मिटर राइफल प्रोन जूनियर वुमन में गोल्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उसने 10 मी राइफल चैंपियनशिप यूथ वुमन इंडिविजुवल में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जोनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया है। जिसके लिए उसे प्रमाण पत्र सह अंक पत्र भी प्रदान किया गया। एकलव्य शूंटिंग क्लब के संचालक सह कोच गोविंदा कुमार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें लगातार मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गुमला : भाई-बहनों का पर्व राखी धूमधाम के साथ संपन्न



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** भाई-बहनों के अटूट रिश्ते का पर्व राखी जिले में धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। बहनों ने भाईयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा की कामना की। सोमवार की अहले सुबह स्नान कर बहनें विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। जिसके बाद भाईयों की कलाई राखी से सजाई। बहनें भाईयों का सबसे पहले तिलक कर व आरती उतारी उसके बाद उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधी। राखी बांधने के साथ बहनों ने भाईयों का मुंह मिठा भी कराया। महापवित्रता और भाई बहनों के मधुर रिश्ते के इस पर्व की खुशी भाई-बहन दोनों के चेहरे पर झलकती नजर आई। राखी पर्व को लेकर विवाहित बहनें अपने ससुराल से मायके भाईयों को राखी बांधने पहुंची थी। वहीं पर्व की महता को देखते हुए दूसरे स्थानों पर काम करने वाले भाई भी बहनों से राखी बांधने अपने घर पहुंचे। राखी की इस पवित्र धागा से भाईयों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। सनातन धर्म को मानने वाली हर बहन अपने छोटे-बड़े भाईयों को राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि की कामना की। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व की उत्साह लोगों में देखने को मिली। गुमला शहर में भी बहनों ने अपने भाईयों के हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीघार्यु की भी कामना की। जिले के जारी, चैनपुर, डुमरी, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, पालकोट, भरनो, बसिया, कामडारा आदि प्रखंडों में भी रक्षा बंधन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

### सांप काटने से युवक की मौत

लोहरदगा। जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अंबेरा गांव में सांप काटने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गया। युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को रिम्स रेफर कर दिया गया है। युवक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अम्बेरा गांव निवासी बुधवा उरांव के 38 वर्षीय पुत्र जयपाल उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जयपाल अपने घर पर सोया हुआ था। इसी दौरान उसे किसी सांप ने काट लिया। तबीयत बिगड़ने पर घर वालों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद ऑटो से जयपाल को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए जयपाल को रिम्स रेफर कर दिया गया है। जहा उसकी मौत हो गई।

### बाइक चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सीठीयो से अज्ञात अपराधियो ने घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल को किया चोरी सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज चोरी घटना को अंजाम लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम निवासी बहादुर साहू के पुत्र उपेंद्र कुमार साहू के घर से अज्ञात अपराधियो ने खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले भागा। घटना की जानकारी सेन्हा थाना को लिखित देते हुए भंडरा निवासी कलिंदर साहू के 30 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार साहू ने कहा कि 16 अगस्त को अपने फूफा उपेंद्र कुमार साहू के घर सीठीयो अपाची मोटरसाइकिल जे एच 01 ई एल 4924 से गए हुए थे। और देर शाम खाना खा कर सो गए थे। जब दूसरे दिन 17 अगस्त को सुबह 6:00 बजे उठे तो देखा कि घर में खड़ी अपाची बाइक नही है तो छानबीन अपने स्तर से काफी किया परंतु बाइक का पता नही चलने पर संदेह हुआ कि किसी अज्ञात अपराधियों के द्वारा गाड़ी चोरी कर लिया गया है। 18 अगस्त को लिखित सूचना देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का पुलिस से गुहार लाया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि प्राप्त बाइक चोरी आवेदन के आलोक में जांचोपरांत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

### सेन्हा : दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में हुई दुष्कर्म घटना की सूचना पर फरार आरोपी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत भेजा जेल विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में बीते 9 अगस्त को नाबालिक बच्ची को हवस का शिकार बना आरोपी फरार हो गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक बच्ची अपने घर से गांव में ही किराना दुकान से सामान खरीदने गई थी। इसी दरमियान रास्ते में गांव के तुरूवा उरांव के पुत्र सीताराम उरांव ने नाबालिक बच्ची को चाकू दिखा अपने घर ले जाकर दुष्कर्म घटना को अंजाम दे फरार हो गया था। घटना की सूचना बच्ची के परिजनों को मिलते ही सेन्हा थाना को अवगत करा कानूनी सहायता तथा आरोपी के विरुद्ध कारवाई का गुहार लगाया। दुष्कर्म घटना की सूचना पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी में जुट गई थी। थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि फरार आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर नियम संगत कार्यवाही करते हुए सोमवार को आरोपी सीताराम उरांव को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिले सुखैर



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से लोहरदगा के कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूखैर भगत ने दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ होते है। ऐसे में संगठन और कार्यकर्ता ही उनके लिए सर्वोपरि है। कार्यकताओं की सुख-दुख में वे हमेशा उनके साथ है। कार्यकर्ता कभी भी किसी समस्या को लेकर उनसे मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत ने बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश का स्वागत किया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविन्द्र सिंह, मदन मोहन शर्मा, नरेंदर कुमार, गोपी उपस्थित थे।

## कोलकाता दरिंदगी के खिलाफ युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी और हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर रविवार की देर शाम को लोहरदगा के बड़ा तालाब के पास युवाओं और छात्राओं ने कैंडल मार्च निकाला। युवाओ ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को ठोस कार्य करने होंगे। कोलकाता मामले में सरकार को आगे आकर आरोपियों को फांसी दिलाने के कार्य करना होगा। इस मौके पर, जाहिद अंसारी, दानिश खान, राकेश वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, सूरज कुमार, रवि पटेल, लवकुश, गुलशन कुमार, वीनू चौधरी, नीशू, मनीषा, आशा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## चैनपुर : रक्षाबंधन पर भाइयों ने लिया रक्षा का संकल्प

खबर मंत्र संवाददाता



भाई को रक्षा सूत्र बांधती बहन।

**चैनपुर।** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी।

सोमवार की सुबह से लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत दोपहर के 1.32 बजे बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे- बुजुर्गों का पैर छुकर आशीर्वाद लिया। शाम होने तक अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हालचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा था रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए। ईश्वर पूजन के बाद भाई को तिलक मिष्ठान पूजन नारियल रुमाल के साथ बहन ने राखी बांधी। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने रविवार की रात में प्लानिंग कर ली थी जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। राखी पूर्णिमा को लेकर सुबह से सभी भक्त स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना किया। बहन अपने भाईयों की कलाई में रक्षा सुत बांध कर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। रक्षा सुत बांधने के बाद बहन अपने भाई को मिठाई खिलाया।

## पर्यावरण को संतुलित करना समाज के सभी वर्गों का नैतिक कर्तव्य: सरोज कुमार

### अम्बेडकर नव युवक संघ ने दूसरे दिन किया पौधरोपण

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** अंबेडकर नवयुवक संघ मसमानों के तत्वावधान में सोमवार को लगातार दूसरे दिन को भंडरा-मसमानो मुख्य पथ में सड़क किनारें पौधारोपण किया गया। इस दौरान भीमराव अंबेडकर समिति के लोगों ने सड़क के किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए जगह पर पौधारोपण किया गया। मौके पर भीमराव अंबेडकर समिति के सरोज कुमार रवि ने कहा कि मुख्य पथ के किनारे वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया था। जिसमें काफी संख्या में पौधा सूख चुकी है। इसके जगह पर भीमराव अंबेडकर के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा की वर्तमान परिवेश में पर्यावरण को संतुलित करना समाज के सभी वर्गों का नैतिक कर्तव्य है। पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण की सुरक्षा कर देश और समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। मौके पर भीम अम्बेडकर समिति के भरत राम ने लोगो से कहा की अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसके बड़े होने तक देखभाल की शपथ ले। साथ ही पौधारोपण कर उनके संरक्षण की अपील की। इस मौके पर अमित राम, मोहन राम, अंकुर राम, वीरेंद्र राम, विजय राम, मोहन साहू, रोशन लोहरा, अर्जुन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## चंदवा के बारी पंचायत से उमरा के लिए 6 जायरीन सऊदी अरब रवाना



**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत हुचलु ग्राम से सोमवार को छह जायरीन उमरा के लिए सऊदी रवाना हुए। पूर्व मुखिया रोबेन उरांव समेत ग्रामीणों ने सबों को माला पहनाकर रवाना किया। जायरीनों में हुचलु ग्राम से इसलाम अंसारी, मुजीब अंसारी, ब्रह्मणी से हजरत अंसारी व उनकी पत्नी, सदीक अंसारी, साकिर अंसारी के नाम शामिल है। जायरीनों ने कहा कि देश, राज्य समेत क्षेत्र में अमन-चैन के लिए दुआ करेंगे।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**बेरमो।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेस क्लब, रांची में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के व्यापारियों ने भाग लिया और एक स्वर से झारखंड में व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की और राज्य में वर्तमान में जिस प्रकार अपराधियों द्वारा व्यापारियों को टारगेट किया जा रहा है, उस पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इसके लिए सभी व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सभी जिलों में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को चुस्त दुरुस्त करे, क्योंकि आने वाला समय विभिन्न पर्व-त्यौहार का है। बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह एवं रेणुका तिवारी, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष बिनोद बेगवानी जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बोकारो जिला परिषद भाकपार्टी की बैठक

**बेरमो।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बोकारो जिला परिषद की बैठक महेंद्र मुंडा के अध्यक्षता में पेटरवार के ओबरा में हुई। बैठक में रिपोर्ट पेश करते हुए जिला सचिव पंचानन महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की। बैठक में डूमरी, बेरमो, गोमिया और बोकारो से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया।बैठक में समीर कुमार हलदार, देवानंद प्रजापति, आनंद मोहन सिंह, अजीत महतो, राज्यपाल महतो, अनवर रफी, शकीरा बानो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महिला समिति का सावन मिलन समारोह आयोजित

**बेरमो।** तेनुघाट आई टाइप कॉलोनी के महिला समिति के द्वारा सावन मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गीत संगीत पर भी महिलाओं ने सावन मिलन समारोह का भरपूर मजा लिया। सावन क्वीन, कुर्सी दौड़, डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सावन क्वीन में पूजा सिंह, नृत्य प्रतियोगिता में शालिनी कुमारी और कुर्सी दौड़ में शालिनी सिन्हा विजय घोषित हुई।

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के बीच प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार

# बहनों ने भाइयों की कलाइयों में राखी बांधकर की सुख समृद्धि की कामना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** शहर समेत ग्रामीणों इलाको में सोमवार को भाई बहन के बीच पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन को लेकर भाई-बहनों में खासा उत्साह रहा। बहनों ने सजधज कर थाली में आरती व चंदन, मिठाई सहित अन्य साम्रगी के साथ भाई को भद्राकाल की समाप्ति के उपरांत शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। बहन ने अपने भाई के माथे पर दही, रोड़ी व अरबा चावल से तिलक लगाया फिर दाहिने कलाई पर राखी बांध व मिठाई खिला उनके सुख समृद्धि की कामना की। बहन भाई के यहां पहुंचकर राखी बांधी तो वहीं भाई ने भी बहन के पास पहुंचकर राखी बंधवाई। राखी बंधवाने के बाद भाई ने भी बहन की रक्षा का वचन दिया। इस मौके पर भाई ने बहन को उपहार भी भेंट किया।

इधर रक्षा बंधन को लेकर लातेहार व चंदवा बाजार में काफी रौनक देखने को मिला, मिठाई, कपड़ा व राखी दुकानों में काफी भीड़ नजर आई व लोगों ने जमकर खरीददारी की।

## महुआडांड प्रखंड में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**महुआडांड़।** भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को पुरे महुआडांड़ प्रखण्ड में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन बेला पर बहनों ने अपने अपने भाइयों की कलाइयों में रक्षा कवच बांधकर उनकी लंबी उम्र और उनके सुख और समृद्धि की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों पर स्नेह लुटाए और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं पर्व को लेकर सर्वत्र उत्साह उमंग का माहौल रहा। बाजार में चहल पहल छायी रही।

**खुब बिके लड्डू और पेड़े :** रक्षाबंधन पर लड्डू और पेड़े खुब बिके। इनके दुकानों में भारी भीड़ दिखी, इसके अलावे अन्य सुखी मिठाईयों की बिक्री भी जमकर हुई।

## बरवाडीह में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का त्योहार

- बहनों ने ईश्वर से की भाई के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरवाडीह। भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय सहित संपूर्ण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधा और भाई के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना ईश्वर से किया। रक्षाबंधन को लेकर शहर में काफी चहल पहल देखी गई। लोग विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते नजर आए।

पूजा अर्चना के बाद बहनों ने भाई की आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधा। इसके बाद मिठाई खिलाया। भाईयों ने भी इस अवसर पर बहनों को उपहार दिया। भाई की कलाई पर बहना का प्यार दमक रहा था। कहीं रेशम की डोर से रिश्ते मजबूत हो रहा था, तो कहीं चांदी.मोती की सुनहरी राखियों के साथ जीवनभर रक्षा करने का वचन लिया गया। भाईयों के माथे पर तिलक सज रहा था और आरती उतारी जा रही थी।

इस दौरान जहां एक ओर बहनों का प्यार दिख रहा था, तो दूसरी ओर भाई बहनों को गिफ्ट दे रहे थे। इस बार रक्षाबंधन सावन की अंतिम सोमवारी के दिन मनाया जा रहा है। इससे पूर्व रविवार की देर शाम तक बहनें एक और जहां रक्षाबंधन की तैयारियों में जुटी रही वहीं दूसरी ओर भाई उपहार खरीदने में व्यस्त दिखें। बहनें देर शाम तक हाथों में मेंहदी लगाती रही।

### कार्यकर्ताओं के साथ बारियातू थाना पहुंचे चतरा सांसद कालीचरण सिंह

# थाना परिसर स्थित मंदिर में की पूजा अर्चना

- बारियातू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में आज तक स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने को लेकर मीडिया से की बातचीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बारियातू।** थाना परिसर के मंदिर मे चतरा लोक सभा कालीचरण सिंह अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर सावन समाप्ति की पूर्णिमा के अवसर पर पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में पूजा करा रहे जनार्दन पाण्डेय ने विधिवत चतरा सांसद को पूजा करवायी। पूजा-के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं बारियातू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे आज तक स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने को लेकर मिडिया द्वारा बात चीत की गई। उसपर सांसद ने कहा की रघुवर सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन हुआ था। दुर्भाग्य रहा कि भाजपा की सरकार नहीं बन पायी। अब यहां के आम लोगों को अधिक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। इस बार की चुनाव में भाजपा की सरकार बनने जा रहा है। झारखंड में सरकार बनने के बाद यहां स्वास्थ्य चिकित्सीय सुविधा देने पर पूरा जोर दिया जायेगा। साथ ही कहा कि बारियातू प्रखंड 70 हजार आबादी क्षेत्र में अस्पताल बने पांच वर्ष बीत गए परन्तु अभी तक चिकित्सीय सुविधा बहाल नहीं किया जाना यह वर्तमान सरकार की कमी है। जैसे ही क्षेत्र मे भाजपा का विधायक होगा वैसे ही कार्य को पूर्ण करा लिया जायेगा। मौके पर चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, लव कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह महामंत्री, संजय सिंह, सुमित कुमार चिंटू, उमेश सिंह, माधव प्रसाद, कामाख्या सिंह, थाना प्रभारी राजा दिलावर, एसआई नीरज दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

चंदवाः किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत चकला मोड़ निवासी राजेन्द्र उरांव की नाबालिग पुत्री खुशबू कुमारी (16 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना रविवार देर रात्रि की बतायी जा रही है, घटना की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली इलाके में सनसनी फैल गयी, परिजनों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस सोमवार की अहले सुबह मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतका रविवार की रात्रि कुछ परेशान दिख रही थी व खाना खाने के बाद इधर-उधर टहल रही थी, मां के कहने के बाद वह कमरे में सोने चली गयी, मध्यरात्रि के बाद अचानक नींद खुलने के बाद कमरे से बेटी को गायब देख खोजबीन की तो बरामदे में किशोरी दुपट्टे के सहारे

## पवित्र श्रावण माह के अंतिम सोमवारी पर मंदिरों और शिवालयों में उमड़ी भीड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पवित्र श्रावण माह के अंतिम सोमवारी पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के भक्ति में लीन देखे गए। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर आन, शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी, हिसरी समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली व देर शाम तक मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भिंड लगी रही। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देनवद दामोदर तट से जल भरकर प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया।

इस दौरान हर हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे।वहीं महाकालेश्वर मंदिर के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई, कावड़ यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई जो नगर भ्रमण करते देवनद तट पहुंची, जहां जल उठाने के उपरांत महाकालेश्वर शिवभक्त मंदिर पहुंचे झाम जलाभिषेक किया। इधर देर शाम कई मंदिर शिवालय में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## नावाडीह में अबुआ आवास में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड उताकी पंचायत के नावाडीह के ग्राम में अबुआ आवास में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का आरोप नावाडीह के ग्रामीणों ने लगाया है । उताकी पंचायत के पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह, पुर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह, उदय सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास की सुचि में नावाडीह ग्राम के एक भी जेनरल जाति के लोगों का नाम नहीं है। केवल एसी एसटी जाति के लोगों कि नाम हो गया है जबकि नावाडीह ग्राम में कयी ऐसे परिवार हैं जो घर विहिन है यह घोर चिंता का विषय है । ग्रामीणों ने सुचि को सुधार कर गरीब जेनरल जाति के लोगों का नाम जोड़ने की मांग की है ताकि सभी जाति के लोगों को इसका लाभ मिल सके । समाज सेवी उदय सिंह ने कहा कि अगर तत्काल सुचि में सुधार नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया जायेगा । समाजसेवी उदय सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने सुचि में नाम जेनरल जाति के नहीं होने का आरोप वर्तमान मुखिया प्रतिमा देवी पर लगाया है । जबकि मुखिया प्रतिमा देवी ने बताया कि इसमें मुखिया का कोई पावर नहीं है सुचि उपर से आया है जिसे ग्राम सभा के द्वारा केवल अनुमोदन करना है। मुखिया प्रतिमा देवी ने बताया कि सुचि को सुधार करने के लिए जिला को भेज दिया गया है।

### वनरक्षी धरना-प्रदर्शन का चौथा दिन

# वनरक्षकों ने आरसीसीएफ के प्रांगण में वृक्ष रक्षाबंधन उत्सव मनाया

- पलामू प्रमंडल केसभी जिलों के वनरक्षी अपनी मांगों को लेकर 16 अगस्त से ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर चले गए हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड के वन विभाग के वनरक्षी अपनी मांगों को लेकर 16 अगस्त से ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर चले गए हैं। झारखंड सरकार द्वारा 2014 की वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में संशोधन करते हुए वनपाल पद को सौ प्रतिशत प्रमोशन से नियुक्ति की जगह 50 प्रतिशत सीधी बहाली के लिए संशोधित किया गया है। इसके साथ ही वनरक्षकों के पदों से ही 1315 पदों को प्रधान वनरक्षी के पद के लिए सृजीत किया गया है। यह संशोधन सात अगस्त को कैबिनेट से पारित किया गया है। यह संशोधन झारखंड राज्य अवर वन सेवा नियमावली 2024 के नाम से जाना जाएगा। इस संशोधन के विरोध में झारखंड राज्य के सभी वनरक्षी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

आज धरना के चौथे दिन वृक्ष रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के संयुक्त मंत्री पंकज पाठक, पलामू जोन के अध्यक्ष प्रवीण शुक्ला और जोन के महामंत्री रोशन सिंह, लातेहार जिला मंत्री साकेत पांडे ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पलामू क्षेत्र (लातेहार पलामू गढ़वा) सभी जिलों के वनरक्षी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में हैं। साथ ही पूरे प्रदेश के वनरक्षी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर एक साथ चले गए हैं।

## अंजू अभिमन्यु टीम के वार्ड 14 की कमेटी गठित, कलीम अंसारी बने अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 14 में शनिवार को अंजू अभिमन्यु टीम की बैठक हुई। बैठक की टीम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा व संचालन प्रभारी सलीमुदिन अंसारी ने किया। बैठक में अंजू अभिमन्यु टीम के वार्ड कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कलीम अंसारी को वार्ड अध्यक्ष, कौशर अली को प्रभारी, सरफुदीन अंसारी को सचिव, जसीमुद्दीन अंसारी को कोषाध्यक्ष, अजमेर अंसारी को उपाध्यक्ष, गुलाम सरवर अंसारी को महासचिव, गयामुद्दीन अंसारी को महामंत्री, सिराज अंसारी को संरक्षक, इम्तियाज अंसारी को मंत्री तथा जियाउल मुस्तफा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवगठित कमेटी के सभी पदाधिकारियों को आज ही विश्रामपुर कार्यालय में शक्ति पत्र भी दे दिया गया। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के वरीय नेता प्रवीन सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# सुरक्षा कर्मियों ने बचायी लोध जलप्रपात में फंसे दो टूरिस्टों की जान

### झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के कर्मियों ने अपनी जान जोखीम में डालकर दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला

- लोध जलप्रपात इको विकास समिति एवं जेटीडीसी के कर्मियों ने यहां आने वाले पर्यटकों से नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा कर्मियों को सहयोग करने की अपील की है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**महुआडांड़।** झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात लोध वॉटरफॉल की खूबसूरती बरसात के दिनों में और भी अधिक बढ़ जाती है। इसके जल स्तर के साथ झरनों की संख्या भी बढ़ जाती है। जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। लेकिन प्रकृति का यह दिलकश नजारा कब खतरे में तब्दील हो जाए यह कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही नजारा रविवार शाम 4:30 बजे की है। जब बालूमाथ से आए दो युवक प्राकृतिक नजारों के आकर्षण में आकर झरने के नजदीक तक पहुंच गए। इस दौरान सुरक्षा में लगे कर्मियों ने दोनों युवकों को आगे जाने से रोका। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात को अनसुना करते हुए दोनों आगे बढ़ गए। जिसके बाद अचानक बाढ़ आने की वजह से दोनों युवक झरने के नीचे तेज गति के पानी के बहाव के बीच फंस गए, और बचने के लिए दोनों बड़े पत्थर के टीले पर चढ़ गए। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी पानी का बहाव कम नहीं हुआ। जब इसकी जानकारी झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के कर्मियों को मिली तो फौरन ही जेटीडीसी के कर्मी मनोज मिंज, दिलीप तिर्की, एडवर्ड तिर्की, अशोक तिर्की मौके पर पहुंच गए और अपनी जान जोखीम में डालकर काफी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद दोनों युवकों ने सुरक्षा कर्मियों का धन्यवाद किया। मानसून में सैकड़ों पर्यटक लोध जलप्रपात के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाने आते हैं। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात नहीं मानते हुए अपनी जान जोखीम में डालकर गहराई पार करने का प्रयास भी करते हैं। सुरक्षा कर्मियों के द्वारा लगाए गए लाल निशान पार करते हुए कई पर्यटक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। जिसके बावजूद यहां लगे सुरक्षाकर्मी यह ध्यान रखते हैं कि आए हुए पर्यटकों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो। ऐसे में पर्यटकों का भी कर्तव्य बनता है कि वे उपस्थित कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। लोध जलप्रपात इको विकास समिति एवं जेटीडीसी के कर्मियों ने यहां आने वाले पर्यटकों से नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा कर्मियों के सहयोग करने की अपील की है।

# कोलकाता दुष्कर्म व हत्या के खिलाफ खुला मंच ने निकाला कैंडल मार्च

- सभी ने एक स्वर से की दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में खुला मंच ने रविवार को कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में काफी संख्या में महिलाओं की भी भागेदारी थी। कैंडल मार्च स्थानीय एमएमसीएच परिसर से निकलकर गीता भवन, शहर थाना मार्ग से गुजरकर डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर पहुंच कर ट्रेनी डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मार्च का समापन किया गया।

कैंडल मार्च का नेतृत्व अमीत कुमार सिन्हा और बबलू चावला ने किया जबकि मंच के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि व एडमिन रजनीश सिंह व सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू मुख्य रूप से शामिल थे। कैंडल मार्च में सबसे आगे आगे हाथों में तख्तियां व मोमबत्ती लेकर महिला व बच्चे चल रहे थे। तख्ती पर बलात्कारी को फांसी दो, बेटी बचाओ देश बचाओ आदि के स्लोगन लिखे गए थे।

मौन कैंडल मार्च में मुख्य रूप से सोनु सिंह नामधारी, अविनाश देव, नवीन तिवारी, हिमांशु शेखर, छोटू त्रिपाठी, मन्नत सिंह बग्गा, गुरवीर सिंह गोलू, आनंद मोहन, प्रभात अग्रवाल, अमिताभ मिश्रा, सुमित पांडेय, नीतिन आलोक, राजेश गुप्ता, आशीष भारद्वाज, मनीष ओझा, धीरज मिश्रा, सुरज सिन्हा, साहेब सिंह नामधारी, लाल बाबु, टिवंकल गुप्ता, अनुप गुप्ता, मयंक सागर, नीरज राज, नवीन शरण, चंदनपाल सिंह, अरविंद अभिज्ञान, सनत चटर्जी, शशीकांत तिवारी, सुरज मिश्रा, शर्मीला सुमी, नैना कौर, शालिनी श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे। सभी ने एक स्वर से दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# भारत पड़ोसी देशों से आये अल्पसंख्यक प्रवासियों को सुरक्षा प्रदान करेगा : गोयल

- दिल्ली में पाकिस्तान से आई महिला शरणार्थियों ने पीयूष गोयल को राखी बांधी
- गोयल ने राखी के अवसर पर महिला सीएए नागरिकता लाभार्थियों से मुलाकात की



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान से दिल्ली आई शरणार्थी निवासी महिलाओं ने सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को राखी बांधी। इसके साथ ही गोयल ने साध्वी ऋतंभरा और ब्रह्मकुमारी बहनों के साथ भी रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इन सभी बहनों को सीएए के तहत भारत की नागरिकता मिल पाई है। गोयल ने आगे कहा कि नागरिकता अधिनियम उन प्रवासियों को सुरक्षा प्रदान करेगा, जिन्हें सीएए के तहत राष्ट्रीयता दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम ने सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है, जो आपका अधिकार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा रक्षाबंधन उत्सव है।

गोयल ने कहा कि आज रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी बहनों से राखी बंधवाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इन सभी बहनों को सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिल पाई है। आप सभी सदा खुश रहें, यही मनोकामना है।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने-अपने आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार स्कूली बच्चों के साथ मनाया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इसकी वीडियो और तस्वीरें साझा की गई हैं। इसमें बच्चे उन्हें राखी बांध रहे हैं। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में देश भर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों और विद्यार्थियों के साथ रक्षा बंधन मनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रक्षाबंधन दिल्ली में अपने आधिकारिक आवास 7 लोककल्याण मार्ग पर मनाया। उन्होंने स्कूली लड़कियों के साथ विशेष उत्सव की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, अपने युवा दोस्तों के साथ रक्षा बंधन मनाकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी वीडियो में वे बच्चों के साथ मिल रहे हैं और संवाद कर रहे हैं। एक छात्रा ने पूछा कि आपने हमें विकसित भारत का सपना दिखाया। हमें इसके लिए क्या करना चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें स्वस्थ्य रहना चाहिए, स्वच्छता रखनी चाहिए। स्वच्छता से समाज स्वस्थ होता है। देश के लिए हम क्या कर सकते हैं, अगर हम कर सकते हैं तो भलाई का काम करें।

# मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन जाएंगे, जेलेन्स्की से होगी मुलाकात



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 अगस्त को रूस के साथ युद्ध में तबाह यूक्रेन की यात्रा पर जाएंगे जहां उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेन्स्की के साथ संघर्ष के समाधान के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। श्री मोदी इससे पहले 21 एवं 22 अगस्त को पोलैंड की यात्रा पर वारसा में रहेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी की इस बहुचर्चित यात्रा के बारे में जानकारी दी। श्री मोदी सबसे पहले पोलैंड की यात्रा करेंगे। उसके बाद एक दिन की संक्षिप्त यात्रा पर यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे।

## विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' का टीजर रिलीज

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित स्वराज्य के रक्षक छावा संभाजी महाराज की बायोपिक अब सिल्वर स्क्रीन पर फिल्म 'छावा' के माध्यम से दर्शकों के सामने आ रही है। 'छावा' का रोमांचक टीजर रिलीज हो चुका है और छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में विक्की कौशल ने अपनी छाप छोड़ी है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उत्तेकर ने किया है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन संघर्ष विराम के लिए पश्चिम एशिया रवाना

**एजेंसी**

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध की ताजा कड़ी में इजराइली हमलों में 28 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल ने यह हमला गाजा में शनिवार रात और रविवार को किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संघर्ष विराम समझौता कराने के लिए रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हुए। अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने की दिशा में दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की है लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। संघर्षविराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास सात अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।


**GURU NANAK HR. SEC. SCHOOL**
RANCHI-834 001 (Jharkhand)

**NOTICE**

The Application Form for the New Membership (Life/General) of Guru Nanak Higher Secondary School, Ranchi will be available at the school office from 21st August 2024 to 30th June 2025, for the Session 2025-2028, on working days between 11am to 2pm. Any Sikh above 18 years of age, who is permanent resident of Ranchi can apply by showing his original Aadhar Card.

Sd/- Secretary

*Condition Apply.

Note:- Existing General members can apply for life membership. A Person desirous of joining the Society shall apply in person (along with their Aadhar Card).

Ad.Profile/RN/2024

रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अलिसा मरियम बुढ़
न्यु प्राथमिक विद्यालय बिचिटाड़ नवाडीह रामगढ़

रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जय नकुल सिंह
न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरहटी रामगढ़




गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सत्येंद्र नाथ तिवारी
पूर्व विधायक, गढ़वा

भवनाथपुर विधानसभा के सभी महानुभावों सहित संपूर्ण देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



भानु प्रताप शाही
विधायक, भवनाथपुर, गढ़वा

78वां स्वतंत्रता दिवस पर समस्त लातेहार जिला व प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के विकास में अपनी भूमिका निभाएं एवं लातेहार प्रखंड को राज्य का सबसे आदर्श व विकसित प्रखंड बनाये



मनोज तिवारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार



अरविंद देवाशीष टोप्पो
अंचल अधिकारी लातेहार



रघुनंदन राम
प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लातेहार



हीरा सिंह
लातेहार
जन वितरण प्रणाली संघ लातेहार



78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बनवारी साहु महाविद्यालय लातेहार



कालीचरण सिंह
सांसद सह अध्यक्ष



प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी
प्राचार्य



कृष्णा प्रसाद गुप्ता
एनजीओ अध्यक्ष



अंजू गुप्ता
सचिव